तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 18.8 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024

14 21 लोकल ट्रेनों के पहिए थमने से एक्सप्रेस पर बढ़ा...



14 शंकराचार्य निश्चलानंद बोले- आरएसएस के पास गुरु, ग्रंथ...



# पूरे प्रदेश में मैकेनिकल इंडस्ट्री व मैक्ट्रॉनिक्स में एक भी छात्र नहीं, हैंडलूम में भी दाखिला शून्य, इस साल नहीं छपेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रदेश के छात्रों का रुझान तेजी के साथ घटा है। कम दाखिला होने के कारण बीते पांच सालों में दर्जनभर से अधिक इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में ताला लटकने की स्थिति निर्मित हुई है। अब कॉलेज छोड़िए पूरे ब्रांच में ही तालाबंदी की तैयारी हो रही है। दरअसल शैक्षणिक सत्र 2024-25 में चार ऐसे ब्रांच रहे हैं, जिसमें पूरे प्रदेश में एक भी विद्यार्थी ने दाखिला नहीं लिया है। इसमें एरोन्यूटिक इंजीनियरिंग, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, मैकेनिकल इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड इंजीनियरिंग और मैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शामिल है। चूंकि इन पाठ्यक्रमों में किसी भी विद्यार्थी ने प्रवेश नहीं लिया है, ऐसे में इनके प्रश्नपत्र भी नहीं छापे जाएंगे। इनमें से कई ब्रांच ऐसे हैं, जिनसे संबंधित क्षेत्र में कारोबार की स्थिति सामान्यतः अच्छी ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खास बातें

- तकनीकी शिक्षा संचालनालय की रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष चार ब्रांच में पूरे छग में नहीं मिला एक भी विद्यार्थी
- इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में घट रहा है छात्रों का रुझान कॉलेज के बाद कई ब्रांच ही बंद होने की कगार पर



### शासकीय महाविद्यालयों में सिर्फ कोर ब्रांच, अधिकतर में 90% सीटें पैक्ड

इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में घटते रूझान के बाद भी शासकीय महाविद्यालयों को लेकर छात्रों का रूझान कम नहीं हुआ है। प्रदेश में तीन शासकीय कॉलेज हैं और इनकी सीटें प्रत्येक वर्ष लगभग भर जाती हैं। इन महाविद्यालयों में कोर ब्रांच का ही संचालन होता है। इस कारण यहां एक भी ब्रांच ऐसे नहीं होते हैं, जहां शून्य प्रवेश की स्थिति हो। शासकीय महाविद्यालयों में इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और माइनिंग इंजीनियरिंग के ही ब्रांच हैं।

### बीते तीन सत्रों में इन ब्रांच में जीरो प्रवेश

*सत्र 2022-23* : कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा मैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग

*सत्र 2023-24* : हैंडलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, मैकेनिकल इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड इंजीनियरिंग और मैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग

*सत्र 2024-25* : एरोन्यूटिक इंजीनियरिंग, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, मैकेनिकल इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड इंजीनियरिंग और मैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग

### इन ब्रांच में 100% दाखिले

*सत्र 2022-23* : किसी भी ब्रांच में 100% प्रवेश इस सत्र में नहीं हुए। 87.85% प्रवेश के साथ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग टॉप पर रहा।

*सत्र 2023-24* : इस शैक्षणिक सत्र में दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की सभी सीटें भर गईं।

*सत्र 2024-25* : मौजूदा शैक्षणिक सत्र में केवल इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर साइंस की ही सीटें पूरी तरह से भर सकी हैं।

### बीते तीन सत्रों में सीट और प्रवेश स्थिति

*सत्र 2022-23* : कुल सीटें 10 हजार 642 रहीं। इनमें से 31.69% अर्थात 3 हजार 401 में ही दाखिले।

*सत्र 2023-24* : 9 हजार 441 सीटों में से 4 हजार 600 अर्थात 48.72% सीटों में प्रवेश।

*सत्र 2024-25* : इस वर्ष 10 हजार 267 सीटों पर प्रवेश के लिए अवेदन मांगे गए। इनमें से 43.91% अर्थात 4 हजार 508 में ही एडमिशन।

---

अंबिकापुर से शुरू की थी पैदल यात्रा

## नौकरी बचाने 36 बीएड सहायक शिक्षकों ने कराया मुंडन



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नौकरी बचाने के लिए बीएड सहायक शिक्षकों का आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। आंदोलन के 14वें दिन अपनी एक सूत्रीय मांग शासन से मनवाने के लिए 36 शिक्षकों ने अपना मुंडन कराया। इस मुंडन आंदोलन में 14 महिला शिक्षकों ने भी भागीदारी निभाई और अपने सिर के थोड़े बाल कटवाकर मांग को पूरा करने नारा लगाया। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पैदल यात्रा धरने में बदली

बीएड सहायक शिक्षक संघ के प्रवेश साहू ने बताया कि एक सूत्रीय मांग को लेकर 14 दिसंबर को अंबिकापुर से रायपुर आने के लिए पैदल अनुनय यात्रा शुरू की थी, वहीं 19 दिसंबर से नवा रायपुर के तूता में धरने पर बैठे हुए हैं। यहां लगातार शासन से अपनी मांग को लेकर आंदोलन कर रहे है, लेकिन ▶▶|शेष पेज 13 पर

---

मध्य सत्र में नए नियम का विरोध कर रहे हैं निजी विद्यालय

## जब तक उत्तीर्ण नहीं हो जाते विद्यार्थी, तब तक मिलते रहेंगे पांचवी-आठवीं में मौके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में पांचवी-आठवीं कक्षा में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों के लिए केंद्रीकृत परीक्षा की व्यवस्था लागू कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर पांचवी-आठवीं के लिए भी स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश स्तर पर परीक्षाएं आयोजित करेगा। इसके लिए समय-सारिणी जनवरी अंत तक अथवा ▶▶|शेष पेज 13 पर



### अगले सत्र से बदल सकते हैं नियम

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, अगले शैक्षणिक सत्र से छात्रों को मिलने वाले मौके सीमित हो सकते हैं। कई वर्ष पश्चात व्यवस्था परिवर्तन करने और मध्य सत्र से लागू किए जाने के कारण इस बार छात्रों को उनके उत्तीर्ण होने तक अवसर दिए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला प्रशासन को पहले ही परीक्षाओं के संदर्भ में विशेष दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

---

सरगुजा में चलेगी शीतलहर

## पश्चिमी विक्षोभ के गुजरते ही जनवरी के पहले सप्ताह में ठंड का 'पीक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुजर रहे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव से अभी लग रही गर्मी साल के अंत में कम हो जाएगी। जनवरी का स्वागत ठंड से होगा और पहला सप्ताह सीजन का पीक रहेगा। नए साल में सरगुजा संभाग में शीतलहर चलने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवा के उत्तर-पूर्वी होने के बाद प्रदेश में ठंड के पीक की वापसी होगी।

दिसंबर के शुरुआती दस दिनों में प्रदेश में जोरदार ठंड पड़ी और रायपुर समेत कई शहरों में कई सालों ▶▶|शेष पेज 13 पर



*गुजरते विक्षोभ और आती नमी से दिसंबर के अंत में गर्मी का माहौल*

### पिछले तीन साल से गायब ठंड

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर का अंत पिछले तीन साल से पश्चिमी विक्षोभ के चपेट में आता रहा है। अंतिम सप्ताह में जब कड़ाके की ठंड होनी चाहिए तब यहां गर्मी का अहसास होता रहा और कई स्थानों पर बारिश भी होती रही। इस साल भी पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम को बुरी तरह प्रभावित किया है तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया जा रहा है।

RK GROUP
म हा से ल
BRANDED GARMENTS, FOOTWEAR & HOME DECOR BIGGEST EXHIBITION
केवल शनि - रवि - 28-29 दिसम्बर 2024
ब्रांडेड गारमेन्ट्स ₹1000 किलो
100 ग्राम भी होगा तो अपको मिलेगा मात्र 100 रुपये में
PREMIUM BRANDS UPTO 90% OFF
रायपुर :होटल बेबीलॉन केपिटल | ONLY 2 DAYS
MENS WEAR
Winter - Blazer, Jacket, Leather Jacket, Hoodies, Track Suit Sweat T-Shirt
Summer - Jeans, Shirt, T-Shirt, Trouser, Lower, Shorts, Kurta & much more
₹ 2500 से लेकर ₹ 15,000 तक बिकने वाले ONLY ₹550 से लेकर ₹ 1500 तक
GIRLS & LADIES WEAR
Winter - Coat Set, Blazer, Jacket, Sweater, Cardigan, Hoodies Track Suit, Sweat T-Shirt
Summer - Top, Kurti, Plazo, Jeans, Shirt, T-Shirt, Trouser Lower, Shorts & Leggings etc..
₹ 1500 से लेकर ₹ 5,000 तक बिकने वाले ONLY ₹200 से लेकर ₹ 750 तक
KIDS WEAR
Winter - Jacket, Sweater, Hoodies, Track Suit, Sweat T-Shirt.
Summer - Jeans, Shirt, T-Shirt, Trouser, Lower & much more...
₹ 1000 से लेकर ₹ 8,000 तक बिकने वाले ONLY ₹200 से लेकर ₹ 999 तक
ब्रांडेड फुटवेयर
जेन्ट्स, लेडीज़, किड्स, स्पोर्ट शू, लेदर शू, ट्रेकिंग शू, सेन्डल्स, स्लीपर, बैली
होम डेकोर एवं स्पेशल काउंटर
लेडीज़ पर्स, लेडीज़ डिजाईनर बैग, साड़ियां, टॉवल, पर्दे, कम्फर्टर, इम्पोर्टेड बेडशीट, वॉलेट, बेल्ट, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, डोरमेट, चश्में, परफ्यूम एवं बहुत कुछ
केवल ₹199 से शुरू
लेडीज़ एंड जेंट्स ब्रॉण्डेड अंडरगारमेंट्स
केवल ₹50 में
रायपुर :होटल बेबीलॉन केपिटल
पता : वी.आई.पी. चौक, ओसवाल पेट्रोल पम्प के पीछे, जी. ई. रोड, रायपुर
हमारे एक्ज़ीबिशन एवं नये स्टॉक की जानकारी हेतु हमारे इंस्टाग्राम पेज को फॉलो करें :
THEBRANDEDSTOREINDIA
कोई एंट्री फीस नहीं, कोई पार्किंग चार्ज नहीं | समय : सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक | महासेल : सिर्फ 2 दिनों के लिए
नोट : 1. कंपनियों के दबाव के कारण हम सभी प्रोडक्ट के ब्रांड के नाम न्यूज पेपर में प्रकाशित नही कर सकते। 2.रायपुर की जनता से निवेदन है कि इस बिक्री को किसी भी हालत में मिस ना करें। 3. हमारा दावा है कि इस बिक्री के बाद कभी भी इतने बड़े ब्राण्ड इतने सस्ते खरीदने को नहीं मिलेंगे। 4. जिस काउन्टर का स्टॉक खत्म हो जाएगा वो काऊन्टर तुरंत बंद कर दिया जायेगा। 5. कृपया हॉल में शांति बनाएं रखें।

## खबर संक्षेप



### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्यशाला का समापन

**रायपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों-सहायक औषधि नियंत्रक और औषधि निरीक्षक एवं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। द्वितीय दिवस में प्रशिक्षण का आरंभ ओमप्रकाश सदवानी सेवानिवृत संयुक्त औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन महाराष्ट्र के व्याखान पर प्रारंभ हुआ, जिसमें उनके द्वारा ड्रग एण्ड मैजिक रेमेडिस आब्जेक्टिनेबल एडवरटाइसमेंट एक्ट, 1954 के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। द्वितीय पाली में राजेन्द्र हरना रिटायर्ड राज्य औषधि नियंत्रक हरियाणा द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संदर्भ में विभिन्न महत्वपूर्ण संशोधनों के साथ विस्तृत जानकारी दी गई। उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुशांत महापात्रा द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों के अनुसार प्रकरणों की विधिसम्मत विवेचनाओं के बारे जानकारी साझा की गयी।

### पटवारी आरआई का यात्रा भत्ता बढ़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राजस्व निरीक्षक (आईआई) पटवारी समेत समकक्ष कर्मियों के यात्रा भत्ता में वृद्धि की है। जिन कर्मियों को 350 रुपए भत्ता दिया जा रहा, उन्हें अभ 1200 रुपए महीना मिलेगा और जिन कर्मियों को 300 रुपए भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें अब 1000 रुपए यात्रा भत्ता दिया जाएगा। वित्त विभाग के आदेश के मुताबित राजस्व निरीक्षक, विक्रय अमीन, ग्राम सेवक, सहायक विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र सहायक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हैंड पंप तकनीशियन को 350 की जगह 1200 रुपए यात्रा भत्ता की पात्रता होगी। इसी तरह जिला एवं तहसीलों के राजस्व विभाग के भृत्य एवं जमादार, वन राजस्व विभाग के चेनमेन, न्यायिक एवं वाणिज्यिक कर विभाग के प्रोसेस सर्वर तथा ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले पटवारियों को 300 की जगह 1000 रुपए यात्रा भत्ता मिलेगा।

### रेडक्रास सोसायटी के 5 सदस्यों का चुनाव 7 को

**रायपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायपुर में प्रबंध समिति गठन के लिए शेष 5 सदस्यों का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में एक साधारण सभा की बैठक 7 जनवरी को सुबह 11 बजे रेडक्रॉस सभाकक्ष कलेक्टर परिसर रायपुर रखी गई है। इस बैठक में 7 दिसंबर को प्रकाशित सूची में शामिल संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के नवीनीकरण 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों में जिनका पंजीकरण एक वर्ष या उससे अधिक समय हो चुका है और जिन्होंने अब तक पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है। वे 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते है। श्रमिक अपना पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया मोबाइल एप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र की विभागीय वेबसाइट व च्वाइस सेंटर से कर सकते है।

# नगरीय निकाय-पंचायत चुनाव पर साय और मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ नितिन का मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने शुक्रवार रात को मंथन किया।

इसमें जहां चुनाव को पूरी ताकत से लड़ने का फैसला किया गया, वहीं चुनाव कब होंगे इसको लेकर भी चर्चा की गई है। संभावना है कि निगम महापौर, पालिका अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष के सात जनवरी को होने वाले आरक्षण के बाद कभी भी चुनाव का ऐलान हो सकता है। वैसे भी डिप्टी सीएम अरुण साव यह बयान दे चुके हैं कि प्रदेश सरकार चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अब तो दोनों चुनाव भी एक साथ कराने का फैसला हो चुका है।




भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन शुक्रवार को यहां पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संगठन चुनाव के साथ नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की इसके बाद रात को मुख्यमंत्री निवास में उनकी प्रदेश मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ बैठक हुई। इसमें पहले उनकी मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों के साथ प्रदेश सरकार के काम-काज को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। इस बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, नगरीय निकाय के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह भी शामिल हुए। बैठक में नगरीय निकाय के साथ पंचायत चुनाव को पूरी ताकत के साथ रणनीति बनाकर लड़ने पर मंथन किया गया। चुनाव से पहले प्रदेश सरकार के साथ केंद्र सरकार के कामों को भाजपा के कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है।

## प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने संगठन चुनाव की प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा

# भाजपा का 36 जिलाध्यक्षों के लिए पैनल तय, कल दिल्ली में लिया जाएगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश के 36 संगठन जिलों के जिलाध्यक्षों के लिए तीन-तीन नामों का पैनल शुक्रवार को तय हो गया है। अब इस पैनल पर दिल्ली में रविवार को चर्चा कर जिलाध्यक्षों का ऐलान किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने यहां पहुंच कर संगठन चुनाव को लेकर समीक्षा की। इसी के साथ पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी बैठक की है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और केंद्रीय संगठन चुनाव पर्यवेक्षक व सांसद गजेंद्र सिंह पटेल शुक्रवार को रायपुर पहुंचे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, संगठन चुनाव प्रदेश प्रभारी खूबचंद पारख व जिला चुनाव अधिकारियों के साथ संगठन चुनाव की समीक्षा की। बैठक में सभी जिलों के चुनाव प्रभारियों व सह प्रभारियों से प्रदेश प्रभारी श्री नवीन सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने वन टू वन चर्चा की और उनके क्षेत्र में बूथ व मंडल में चुनाव की जानकारी ली। अब तक 23 हजार चार बूथों में चुनाव हो गए हैं। सात सौ बूथों के चुनाव बचे हैं। 476 मंडलों में से 421 में चुनाव हुए हैं। इसमें से तीन मंडलों के चुनाव रद्द कर दिए गए हैं। कुछ और मंडलों के भी चुनाव रद्द होने की संभावना है। इसी के साथ जिला अध्यक्ष पद के लिए आए दावेदारों के नामों पर चर्चा करने के बाद तीन-तीन नामों का पैनल तय किया गया है। जिला अध्यक्षों के नामों के पैनल पर केंद्रीय चुनाव समिति में चर्चा कर अंतिम निर्णय किया जाएगा।



### निकाय-पंचायत चुनावों को लेकर भी हुई बैठक

संगठन चुनाव समीक्षा बैठक के तुरंत बाद नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु महामंत्रियों, संभाग प्रभारियों की बैठक हुई। इस बैठक में निकाय व पंचायत चुनाव में भाजपा की प्रभावी जीत के संबंध में मार्गदर्शन किया गया। चुनाव को लेकर सभी से तैयारी करने के लिए कहा गया। बैठक में महामंत्री संगठन पवन साय , खूबचंद पारख, महामंत्री रामू रोहरा, रामजी भारती, भरत लाल वर्मा, रायपुर संभाग व पंचायत चुनाव प्रभारी सौरभ सिंह, दुर्ग संभाग व नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सिंह सवन्नी, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी उपस्थित रहे।

### हर वर्ग का रखा जाएगा ध्यान : पटेल

भाजपा के केंद्रीय संगठन चुनाव पर्यवेक्षक और खरगोन-बड़वानी के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, जिलाध्यक्षों के चुनाव में हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा। जातिगत समीकरण, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, पूर्व पदाधिकारी के काम के आधार और पूरे जिले की आवश्यकता को देखते हुए ही जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। श्री पटेल ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ताओं के विचार के आधार पर संगठन को गढ़ा जाता है।

### आज पदाधिकारी जाएंगे दिल्ली

जिलाध्यक्षों के पैनल पर दिल्ली में 29 दिसंबर को बैठक होगी। इस बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार की शाम को प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख, चुनाव कमेटी के सदस्य मधुसूदन यादव, चंपा देवी पावले और कृष्णमूर्ति बांधी दिल्ली जाएंगे।

नितिन नवीन बोले

# कांग्रेस अपनी चिंता करे उनके घर में छेद ही छेद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने अपने रायपुर प्रवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेस को हमारे संगठन में भी क्या काम हो रहा है इसकी चिंता है। अरे अपना घर झांक लेते। जिसके घर में इतने छेद हैं, उन छेदों से हर चीज दिखती है। ऐसे लोग हमारे यहां ताक-झांक कर रहे हैं। निंदक नियरे राखिए को मानकर मैं तो उनके अच्छे सुझाव लोकतंत्र के तरीके से आत्मसात करूंगा, लेकिन कम से कम वे भी तो अपने घर में झांक लें। मंडल अध्यक्षों के चुनाव पर हुए बवाल पर उन्होंने कहा, कहीं ना कहीं सब की अपनी अपेक्षा है। सबको लगता है कि उनको भी मौका मिलना चाहिए। यहां तो कई ऐसे पार्टियां हैं, जहां प्रदेश अध्यक्ष बनने में भी लोग उत्सुकता जाहिर नहीं करते, हमारे यहां मंडल अध्यक्ष बनने की भी तत्परता है, तो यह भाजपा के जनाधार का प्रतीक है। श्री नवीन ने कहा, भाजपा में बूथ. मंडल, जिला और राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव होता है। ऐसे संगठन भी हैं जहां अध्यक्ष एक ही व्यक्ति एक परिवार का होगा। हमारे यहां जो लोगों में मन में विषय था उसके लिए पूरी अपील की प्रक्रिया भी है। भाजपा पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करती है।

### मंत्रिमंडल विस्तार जल्द

प्रदेश के साय मंत्रिमंडल में विस्तार को लेकर श्री नवीन ने कहा, जल्द इंतजार खत्म होगा। उन्होंने कहा, हमारे यहां बहुत लोग हैं और सभी की अपेक्षाएं हैं। यह भाजपा की स्वस्थ परंपरा है, कि लोगों को लगता है उन्हें मौका मिलना चाहिए। बहुत जल्द आप लोगों का इंतजार खत्म होगा।

### मनमोहन सिंह ने देश को आर्थिक रूप से संपन्न बनाया

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर श्री नवीन ने कहा- पूर्व प्रधानमंत्री एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने देश को आर्थिक रूप से संपन्न बनाया। पूरे देश की जनता उन्हें अपना नमन अर्पित कर रही है। इस दुखद पल में हम सभी उनके परिवार के साथ हैं।

# डीजीपी के चयन के लिए भेजा जाएगा नया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पुलिस महानिदेशक पद पर नियुक्ति के लिए नया प्रस्ताव भेजे जाने की संभावना है। हालांकि राज्य सरकार ने कुछ समय पहले तीन अधिकारियों के नाम का प्रस्ताव दिल्ली को भेजा था, लेकिन अब ये अटकलें सामने आ रही हैं कि यह प्रस्ताव लौटा दिया गया है। जानकारों के मानें, तो नए प्रस्ताव में तीन की जगह चार अधिकारियों के नाम शामिल किए जा सकते हैं।

छत्तीसगढ़ के मौजूदा डीजीपी अशोक जुनेजा का संविदा अधिकारी के रूप में कार्यकाल जल्द ही खत्म होने वाला है। हालांकि पूर्ववर्ती सरकार और मौजूदा सरकार के कार्यकाल में उनका संविदा कार्यकाल दो बार बढ़ाया जा चुका है। अब राज्य में एक पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति होनी है। राज्य सरकार ने पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव में तीन अधिकारियों के नाम शामिल किए थे, इनमें अरुणदेव गौतम, पवनदेव




और हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल थे। इन नामों पर विचार होने से पहले ये जानकारी सामने आ रही है कि केंद्र ने राज्य के इस प्रस्ताव को लौटा दिया है। कारण ये बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव में कुछ अन्य दावेदारों के नाम शामिल नहीं हैं। इनमें वरिष्ठ अधिकारी एसआरपी कल्लूरी भी शामिल हैं, जिन्हें तीन नामों के पैनल में जगह नहीं मिली थी। हालांकि इस बारे में गृह विभाग की ओर से आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। उल्लेखनीय है, जब तीन नामों का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था, तब भी ये बात सामने आई कि अगर ये तीनों नाम उपयुक्त नहीं पाए गए, तो केंद्र नए नामों का पैनल बुला सकता है। पैनल का प्रस्ताव वापस भेजने की अटकलों के बीच अब यही बात सामने आ रही है।

# चुनाव से पहले नगरीय प्रशासन में थोक में तबादले, प्रमोशन और नई पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव से पहले राज्य में बड़े पैमान पर अधिकारियों कर्मचारियों के तबादले, प्रमोशन और नई पदस्थापनाओं के आदेश जारी किए गए हैं। जानकारों का कहना है कि इन चुनावों के लिए जल्द ही आचार संहिता लागू होने की संभावना है, लेकिन इससे पहले ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निकायों में बड़ा फेरबदल कर दिया है।

### प्रमोशन के साथ नई पदस्थापना भी

नगरीय प्रशासन विभाग ने कार्यालय अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, मुख्य लिपिक, लेखापाल, मुख्य लिपिक-सह-लेखापाल और सहायक ग्रेड-2 के पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदोन्नत करते हुए 36 अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। विभाग ने 51 अभियंताओं का भी तबादला किया है। इनमें कार्यपालन अभियंता के साथ ही सहायक अभियंता और उप अभियंता भी शामिल हैं।

### एक साथ 183 अफसर कर्मियों के तबादले

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 183 अधिकारियों-कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। इनमें 36 पदोन्नत अधिकारी भी शामिल हैं। स्थानांतरित अधिकारियों-कर्मचारियों में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, सहायक संचालकों और अभियंताओं से लेकर राजस्व अधिकारी, निगम सचिव, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व उप निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक, सहायक लेखाधिकारी, लेखापाल, समयपाल, सहायक ग्रेड-1, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, कैशियर, प्रोग्रामर, मानचित्रकार, सफाई दरोगा, पंप अटेन्डेंट, वाहन चालक, वाल्वमैन और भृत्य शामिल हैं।

# रायपुर सहित राज्य के 14 जिलों में 29 नए थाना खोलने की तैयारी

## जिलों से मिले प्रस्ताव पर मुख्यालय स्तर पर कार्यवाही शुरू, मांगी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के 14 अलग-अलग जिलों के 29 स्थानों पर नए थाना खोलने शासन स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि संबंधित जिलों के एसपी ने पूर्व में थाना खोलने शासन के प्रस्ताव भेजा था। उसी प्रस्ताव के अनुरूप जिन स्थानों में थाना खोलने पूर्व में प्रस्ताव भेजे गए हैं, वहां पिछले तीन वर्षों में अपराधों की संख्या तथा जहां नए थाने खोलने हैं, वहां से मूल थाना क्षेत्र की दूरी की जानकारी देने संबंधित जिले के एसपी को निर्देश दिए गए हैं।

■ ज्यादातर प्रस्ताव नक्सल प्रभावित जिलों से, राजा तालाब में भी खुलेगा थाना

जिन जिलों में नए थाना खोलने तैयारी की गई है, उनमें रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, धमतरी, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा, जशपुर, बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा शामिल है। रायपुर के राजातालाब को भी चौकी से उन्नयन कर थाना खोलने प्रस्ताव भेजा गया है। सबसे ज्यादा प्रस्ताव नक्सल प्रभावित बस्तर इलाके में थाना खोलने प्रस्ताव भेजे गए हैं। बस्तर में 17 नए थाना खोलने प्रस्ताव भेजे गए हैं।

### राज्य में वर्तमान में इतने थाना संचालित

राज्य के अलग-अलग जिलों के शहरी तथा कस्बाई क्षेत्र में वर्तमान में 482 थाना संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 32 ट्रैफिक थाना तथा पांच रेंज साइबर थाना संचालित हो रहे हैं। रेंज साइबर तथा ट्रैफिक थानों को जोड़ दें, तो कुल 519 थाने संचालित हो रहे हैं। 29 नए थाना खुलने से संख्या बढ़कर 548 हो जाएगी।

### इन जिलों में इन स्थानों पर थाना खोलने प्रस्ताव

- **रायपुर** : राजातालाब नूरानी चौक
- **बलौदाबाजार** : निपनिया
- **महासमुंद** : बड़े साजापाली, गढ़फुलझर
- **धमतरी** : सिंगपुर, आमदी नगर पालिका निगम शहरी क्षेत्र
- **बालोद** : मंगलतराई, करहीभदर, लाटाबोड़
- सारंगढ़-बिलाईगढ़ - गोड़म
- **कोरबा** : चोटिया
- **जशपुर** : तमता
- **बस्तर** : धरमपुरा, आड़ावाल
- **कांकेर** : कापसी
- **कोण्डागांव** : कुंए
- **बीजापुर** : पुजारी कांकेर, कोण्डापल्ली
- **नारायणपुर** : गारपा, कस्तुरमेटा, फरसबेड़ा, तोके, गोमांगल, कुतुल
- **सुकमा** : एलमागुण्डा, डब्बाकोंटा, पुरना, चिंगापरम, सिलगेर

# रविवि की छात्रा सात दिन से लापता धरने पर बैठीं डोंगरगढ़ विधायक



सरस्वती नगर थाने में एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से लापता छात्रा की खोज गंभीरतापूर्वक करने और एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल सरस्वती नगर थाना में शुक्रवार को धरने पर बैठ गईं। उनके साथ पालता बालिका के माता-पिता और ग्रामवासी भी थे। इसके पूर्व विधायक विश्वविद्यालय पहुंची, जहां उन्होंने गायब छात्रा के संदर्भ में विवि प्रशासन से जानकारी ली। गौरतलब है कि रविवि के गर्ल्स हॉस्टल से एमएससी फाइनल ईयर की 25 वर्षीय छात्रा 7 दिसंबर से गायब है। 20 दिन बाद भी छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन प्रारंभ की है, लेकिन अब तक छात्रा का कुछ पता नहीं चल पाया है।

### राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा स्पर्धा कार्यक्रम में बदलाव, सांस्कृतिक सहित कई आयोजन रद्द

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। इसे देखते हुए राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाली 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता-2024 के कार्यक्रम में भी बदलाव किए गए हैं। इसके तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम, विशाल खेल ज्योति यात्रा, मार्च पास्ट, मातृहस्त भोजन जैसे कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। वनवासी समिति के अध्यक्ष और वन मंत्री केदार कश्यप ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय शोक दिवस को देखते हुए वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता को सादगी एवं औपचारिक तरीके के साथ आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के समय में बदलाव करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद दोपहर 3 बजे से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तिल्दा जिला रायपुर छ.ग.**

रा.मा.क्र. 202412115200036/अ-6 अ
वर्ष 2024-25
ग्राम सगुनी प.ह.नं. 03


**// ईशतहार//**

आवेदिका 1. सेखंतीन/शकान्तीन बाई, 2. सुशीला निषाद पिता सुकालू निवासी ग्राम‹सगुनी रा०नि०मं० तरपोंगी तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित हैं जिसका खसरा क्रमांक 198/3 रकबा 0.126 हे. भूमि स्थित हैं आवेदित भूमि पर आवेदिकागणों के नाम के साथ संयुक्त रूप अनावेदकगणों का नाम त्रुटिवश राजस्व अभिलेख में दर्ज, कर दिया गया है जो कि अनावेदकगण जो आवेदिकागण के कोई रिश्तेदार एवं परिवार के कोई सदस्य नहीं हैं, तथा आवेदिकागण नहीं अनावेदकगणों को जानते एवं पहचानते हैं। जिसमें आवेदिकागण काफी व्यथीत एवं परेशान हैं। भूमि के राजस्व अभिलेख में जागेश्वर, वो पल्टन, चैतराम खेदूराम, वो छेदीलाल, पिता खोरबाहरा, टेटकी पिता लतेल, कुंती वो शांति वो मालती पिता रामू निषाद, त्रुटिवश दर्ज नाम अनावेदकगणों का नाम विलोपित किया जाकर आवेदिकागणों का नाम यथावत रखे जाने हेतु ऑनलाईन रिकार्ड में दुरूस्ती किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि हो तो वह पेशी तिथि 10.01.2025 तक स्वमं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावे / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
मो.नं. (9174977377)

मुहर
नायब तहसीलदार
तिल्दा नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)



**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु**
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**
**न्यायालयः- भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार क्र. - 117/2024
प्रो.क्र. 1215- पेशी तारीख 23.01.2025

श्रीमती इन्द्राणी साहू वगै. -आवेदकगण
-बनाम-
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन वगै. -अनावेदकगण

**प्रति,**
आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण

जो कि आवेदकगण के मृतक पति/ पिता मेघराज साहू के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 23.01.2025 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट :- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 26.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 26.12.2024
मुहर
**भूपेश कुमार बसंत,**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

**आम सूचना**

**ग्राम- जरवाय उर्फ हीरापुर पटवारी हल्का नं. 103/35 रा.नि. रायपुर - 2 हीरापुर तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ, में स्थित बहुमंजिला अवासीय इमरत "HARSHIT TOEWR", के संबंध में।**

एतद् द्वारा यह सर्व सधारण सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार श्री आशीष कुमार गुप्ता विक्रेता श्री विजय बिसारिया पिता स्व. श्री आनंद स्वरूप सक्सेना निवासी A1-3, सेलिब्रिटी होम्स मोहबा बजार रोड हीरापुर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य के अवासीय भूमि वाके मौजा ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर पटवारी हल्का नं. 103/35 रा. नि. रायपुर - 2 रायपुरा तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित फ्लैट नं. B- 322 Super Built-up Area 809 Square Feet, है जो बहुमंजिला अवासीय इमरत "HARSHIT TOEWR", के Second Floor में जिसका खसरा नं. 639/5, 639/6 & 649/7 के भाग को खरीदने का सौदा कर लिया है जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक शासकीय-अशासकीय निकाय महाजन अथवा किसी भी पारिवारीक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 सात दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवें। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर मेरे पक्षकार पर बंधकारी नही होगी तथा इसके सक्षम शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैमाना पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 27/12/2024

**वास्ते**
**राजीव लोचन तिवारी (अधिवक्ता)**
**एलआईजी-32, इंद्रावती कालोनी,**
**राजातालाब रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 7006-28794, 90093-88375**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं श्रीमती ममता बुलानी, पति श्री अनिल बुलानी निवासी मुस्कान रेसीडेंसी, लालपुर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) की निवासी हूँ, जो निम्नकथन शपथपूर्वक करती हूँ-

01. यह कि, मेरा नाम व पत्ता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र जिसका पंजीकरण संख्या B-2022: 22-90434-001613 है एवं जारी दिनांक 16.02.2022 है जिसमे मै मेरे पुत्र का नाम वेदांश बुलानी अंकित है, जो कि त्रुटिपूर्ण है।
03. यह कि, मेरे पुत्र का वास्तविक नाम विराट बुलानी (VIRAT BULANI) अंकित है, जो कि सत्य एवं सही है।
04 यह कि, मेरे पुत्र के वास्तव नाम के अनुसार मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उनका सही नाम विराट बुलानी (VIRAT BULANI) दर्ज किये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र आप महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सत्यापनः**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 में वर्णित सारी बातें स्वयं की जानकारी से सही एवं सत्य है जिस पर आज दिनांक 27.12.2024 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### प्रकृति बनीं सीए



रायपुर। रोहिणीपुरम निवासी प्रकृति दुबे सीए बन गई हैं। वे गिरीश दुबे और हाईस्कूल की व्याख्याता ज्योतिप्रभा की पुत्री हैं। उनकी उपलब्धि पर परिजनों ने हर्ष जताया है।

## निधन

### एसएल पांडेय



रायपुर। रहेजा होम्स दलदल सिवनी रोड निवासी सेवानिवृत प्राध्यापक एसएल पांडेय (84) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे आशीष एवं अभिषेक के पिता थे।

### मनीषा कुलकर्णी



रायपुर। भिलाई के सेक्टर 9 निवासी मनीषा कुलकर्णी (90) का 27 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से भिलाई रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे महेंद्र कुलकर्णी, मंगेश कुलकर्णी और मंजूषा मार्डीकर की माता तथा हेमंत मार्डीकर की सास थीं।

### रतनी देवी शर्मा



रायपुर। समता कॉलोनी निवासी रतनी देवी शर्मा का 27 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 दिसंबर को प्रातः 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विजय शर्मा, अजय शर्मा, संजय शर्मा एवं नंदकिशोर शर्मा की माताजी थीं।

### मनोज बुंदेल



रायपुर। बैजनाथ पारा मोतीमहल के पास निवासी मनोज बुंदेल (60) का 27 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे कृष्णा बुंदेल के पति, हार्दिक और तन्मय के पिता थे।

### हुमन लाल धृतलहरे



रायपुर। सतनामी पारा कोटा निवासी हुमन लाल धृतलहरे का 27 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे कोटा गुढ़ियारी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुकालू धृतलरहे के पुत्र, रामअवतार धृतलहरे, अर्जुन धृतलहरे, संजय धृतलहरे, विद्यासागर धृतलहरे, मनोज धृतलहरे के पिता थे।

### चंद्रकांत शर्मा



रायपुर। ब्राह्मण पारा आरंग निवासी चंद्रकांत शर्मा का 26 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. सनत शर्मा के बड़े भाई, प्रशांत और समीर शर्मा के पिता थे।

# खुला दो साल से बंद गायनी वार्ड का ताला, मरीजों को मिलेगी 10 बेड की अतिरिक्त सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोनाकाल में संक्रमित गर्भवती महिलाओं को भर्ती करने के लिए उपयोग किए जाने वाले गायनी वार्ड का ताला दो साल बाद खुल गया है। नए साल में यहां आने वाले मरीजों को 10 बेड की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चार वार्ड में करीब 120 बेड मौजूद हैं, जो जरूरत के वक्त कई बार कम पड़ जाते हैं।

आंबेडकर अस्पताल में संचालित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में सबसे ज्यादा मरीज आते हैं। ओपीडी के साथ यहां प्रसव के लिए भी बड़ी संख्या में मरीज भर्ती होते हैं। विभाग में वैसे तो चार वार्ड हैं, जहां 120 की क्षमता में मरीजों के लिए बिस्तर मौजूद होते हैं, मगर कई बार इनकी संख्या कम हो जाती है और मरीजों को बेड शेयर करने की जरूरत पड़ जाती है। कोरोनाकाल में आंबेडकर अस्पताल में बड़ी संख्या में संक्रमित महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया था। संक्रमित महिलाओं को सामान्य गर्भवती से दूर रखने के लिए पृथक वार्ड बनाया गया था। महामारी समाप्त होने के बाद कोविड वार्ड का उपयोग बंद कर दिया गया था। करीब दो साल बाद इस विभाग में लगा ताला पुनः खोला गया है और प्रसव के लिए आने वाली महिला मरीजों के लिए दस बेड का नया वार्ड बनाया गया है। इस नए वार्ड का लोकार्पण नए साल में मरीजों के उपयोग के लिए किए जाने की तैयारी है।

## वर्तमान में 120 बेड की क्षमता, जरूरत के हिसाब से कई बार कम पड़ते हैं

### एल-2 ट्रामा भी

आंबेडकर अस्पताल में एल-2 ट्रामा तैयार करने के लिए भी केंद्र सरकार से फंड मिला था। योजना के तहत निर्माण कार्य में कुल राशि का 40 फीसदी केंद्र सरकार को देना था। फंड के अभाव में तीन से चार साल पहले इस गंभीर मरीजों के लिए ट्रामा विस्तार की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। एक-दो बार इसके लिए प्रयास हुआ, फिर काम बंद कर दिया गया था। क्रिटिकल केयर यूनिट और ट्रामा का समायोजन भी प्रस्तावित नए सात सौ बिस्तर के इंटीग्रेटेड हास्पिटल में किया जाना है।



### नए भवन में एमसीएच यूनिट

पुराने बॉयज हास्टल की जगह बनाए जाने वाले सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल भवन में मदर्स एंड चाइल्ड केयर यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए वहां ज्यादा बेड के साथ अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। आंबेडकर अस्पताल में काफी समय पहले एमसीएच का पृथक यूनिट बनाने की योजना को केंद्र सरकार से अनुमति मिली थी। इसके लिए वहां से करीब एक करोड़ फंड भी जारी हुआ था। उस दौरान प्रारंभिक स्तर पर योजना बनाई गई थी, फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

*कलेक्टर, एसपी निकले शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था की सुध लेने, दिए कई जरूरी निर्देश*

# व्यस्त चौराहों पर रोटरी बनाकर ट्रैफिक जाम से निपटने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था तथा शहर के ऐसे चौराहे जिसकी चौड़ाई कम है, ऐसे चौराहों पर ट्रैफिक का दबाव कम करने रोटरी निर्माण कराया जाएगा। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह पैदल जायजा लेने के लिए निकले। पैदल सड़कों पर निकले कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर सड़कों के किनारे नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहन, गुमटी, ठेलों को प्रहरी टीम के माध्यम ने तत्काल हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही जिन चौराहों पर रोटरी नहीं लगे हैं, उन स्थानों पर अस्थायी रोटरी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सड़कों के गड्ढे एवं पेचवर्क को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

- महिला थाना, राजीवगांधी चौक सहित कई चौराहों पर स्थायी रोटरी बनाए जाने की तैयारी

अफसर घड़ी चौक से पैदल ट्रैफिक व्यवस्था की जायजा लेने के लिए निकले। कई स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले पुराने वाहन को हटाने, पुराने खंबे एवं बिजली के बॉक्स, पेड़ों की छंटाई के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सड़कों पर फ्लैक्स रखने की वजह से भी यातायात बाधित होता है, ऐसे में उन फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाने की कार्रवाई की जाए। अफसरों ने देवेंद्र नगर, शंकर नगर एवं खम्हारडीह चौक का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देवांगन, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह, सतीश ठाकुर समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## इन चौराहों पर रोटरी बनाने निर्देश

- बंजारी चौक - अस्थायी रोटरी के स्थान पर पक्का रोटरी निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- राजीव गांधी चौक - रोटरी का निर्माण किया जाना
- महिला थाना चौक - अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी का निर्माण
- लाखे नगर चौक- स्थायी रोटरी, डिवाइडर का निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- कमल विहाक चौक - सिग्नल लगाने निर्देश
- आमापारा चौक- अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, डिवाइडर निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- स्टेशन रोड- रेलवे स्टेशन के गेट नं-1 एवं 2 के मध्य डिवाइडर



- देवेन्द्र नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे - स्थायी रोटरी का निर्माण
- अवंति बाई (लोधीपारा) चौक - क्रिस्टल आर्केट की ओर से आने वाले मार्ग में लेफ्ट टर्न में बाधित दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने निर्देश
- पंडरी कपड़ा मार्केट रोड - कपड़ा मार्केट जाने के लिए वर्तमान में केवल एक ही मार्ग है। मुख्य मार्ग के समानान्तर मार्ग में स्थित दो दुकान को हटाकर नया मार्ग का निर्माण
- खम्हारडीह थाना चौक - अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- शंकर नगर एक्सप्रेस-वे चौक - वर्तमान में लगा सिग्नल आईटीएमएस का एवं सिग्नल में वीएसी मोड नही होने के कारण सिग्नल संचालन में असुविधा, महिला थाना चौक के सिग्नल को शिफ्ट करने निर्देश
- कृष्ण कुंज - अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक सर्विस रोड नही होने से रॉग साइड मुव्हमेंट होता है, जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके लिए अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक कृष्ण कुंज के सामानांतर सर्विस रोड निर्माण के निर्देश।
- रिंग रोड नं 1 - महासमुंद बैरियर से चंद्रा आईकॉन तक सर्विस रोड का निर्माण
- कमल विहार चौक देवपुरी - संतोषीनगर रोड में भारी मालवाहक वाहन प्रतिबंधित करने से कमल विहार चैक देवपुरी मार्ग में यातायात दबाव बढ़ने के साथ जाम की स्थिति। जाम से निपटने लाखे नगर चौक के सिग्नल को कमल विहार चैक में शिफ्ट करने निर्देश

# दूसरे विश्वविद्यालयों से प्रोफेसर बुलाएगा रविवि, छात्रों को मिलेंगे टिप्स, बताएंगे न्यू ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अब दूसरे विश्वविद्यालयों से प्राध्यापकों को आमंत्रित करेगा। कैमेस्ट्री विभाग में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। अन्य विभागों में भी इसकी तैयारी की जा रही है। रविवि विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम के तहत प्राध्यापकों को आमंत्रित कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि छात्रों को अन्य विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों का भी मार्गदर्शन मिल सके और वे उन्हें नए टिप्स दे सकें। इसके अलावा प्राध्यापक उन्हें संबंधित विषय से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार की संभावना बताने के साथ ही नए ट्रेंड के विषय में बताएंगे। विवि प्रबंधन का मानना है कि इससे छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन में सुधार आएगा। किसी भी प्राध्यापक को व्याख्यान के लिए आमंत्रित करने निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निर्धारित की गई प्रक्रिया के अंतर्गत विवि अध्ययनशाला द्वारा उन प्राध्यापकों के नाम भेजे जाएंगे, जिन्हें वे व्याख्यान के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं।



### *कोलकाता से किए गए आमंत्रित*

*विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम की शुरूआत कैमेस्ट्री डिपार्टमेंट से की गई है। कोलकाता विवि से प्रो.नीतिन चटोपाध्याय को आमंत्रित किया गया है। अन्य विभागों से भी उन प्राध्यापकों के नाम मंगाए गए हैं, जिन्हें वे अतिथि व्याख्याता के रूप में आमंत्रित करना चाहते हैं। यह पहली बार है, जब रविवि अन्य विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को मानदेय के आधार पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित कर रहा है।*

### एक दिन में अधिकतम भुगतान 5 हजार

विजिटिंग प्रोफेसर को किए जाने वाले भुगतान को लेकर भी नियम बनाए गए हैं। चयनित विजिटिंग प्रोफेसर साल में दो बार सप्ताह भर के लिए रविवि आ सकेंगे। उन्हें प्रति व्याख्यान 2.5 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा, लेकिन एक दिन में अधिकतम भुगतान 5 हजार से नहीं होगा, चाहे वे कितनी भी कक्षाएं लें। सभी विभागों के व्याख्यान के लिए ये ही नियम लागू रहेंगे। रविवि अध्ययनशाला में अधिकतर स्नातकोत्तर कक्षाओं का ही संचालन होता है। ऐसे में विशेषज्ञ व्याख्याता ही आमंत्रित किए जाएंगे, जो विषय का ज्ञान गहराई से छात्रों को दे सकें।

## पेज 9 के शेष

### पूरे प्रदेश में मैकेनिकल...

रहती है। इसके बाद भी विद्यार्थियों के इसमें प्रवेश नहीं लेने से तकनीकी शिक्षा संचालनालय सहित शिक्षाविद भी हैरान हैं। ना केवल मौजूदा शैक्षणिक सत्र बल्कि 2022-23 और 2023-24 में भी कई ऐसे ब्रांच रहे हैं, जिसे एक भी छात्र नसीब नहीं हो सके। 2023-24 में भी हैंडलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, मैकेनिकल इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड इंजीनियरिंग और मैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग को एक भी छात्र नहीं मिले थे। इसके पूर्व 2022-23 में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा मैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में भी दाखिले शून्य रहे थे।

**केमिकल इंजीनियरिंग में 5 ही छात्रः** कई ब्रांच ऐसे हैं, जहां दाखिले शून्य तो नहीं हैं, लेकिन इसमें प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी विशेष उल्लेखनीय नहीं है। इस वर्ष केमिकल इंजीनियरिंग में सिर्फ 5 ही प्रवेश हुए हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग में 15 तथा एआई एंड डाटा साइंस में 20 विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया है। सिविल, माइनिंग जैसे कोर ब्रांच का ही चयन छात्रों द्वारा किया गया है।

### नौकरी बचाने 36...

इस कारण कर रहे आंदोलनः हाईकोर्ट के आदेश के तहत डीएड डिग्रीधारियों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति देने और बीएडी डिग्रीधारियों की नियुक्ति रद्द किया जाना है। इस आदेश से बीएड डिग्रीधारियों की नौकरी खतरे में आ गई है। यही कारण है कि अब बीएड डिग्रीधारी अपनी नौकरी बचाने के लिए आंदोलन पर उतर आए हैं।

### पैदल यात्रा धरने में...

शासन की ओर से अब तक उनकी मांग पर कोई विचार नहीं किया गया है। इसके विरोध में 36 पुरुष शिक्षकों ने अपना मुंडन कराया, वहीं 14 महिला शिक्षकों ने अपने थोड़े बाल कटवाकर इस मुंडन विरोध में भागीदारी की। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में बीएड सहायक शिक्षकों की संख्या करीब 3 हजार है। उनका कहना है कि हमारी नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है, जबकि दूसरी ओर प्रदेश में शिक्षा विभाग में 50 हजार से अधिक पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों पर बीएड सहायक शिक्षकों का समायोजन किया जाना चाहिए, ताकि उनकी नौकरी बनी रहे।

### जब तक उत्तीर्ण नहीं...

फरवरी के प्रथम पखवाड़े में जारी होने की संभावना है। कुछ दिनों पूर्व ही नए नियम लागू किए जाने के कारण सत्र के प्रारंभ से छात्रों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि उन्हें इस बार केंद्रीकृत परीक्षाएं दिलानी होगी। निजी स्कूलों द्वारा भी इस आधार पर ही नए नियमों का विरोध किया जा रहा है। लेकिन राहत की बात यह है कि दोनों ही कक्षाओं में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को तब तक मौके दिए जाते रहेंगे, जब तक वे उत्तीर्ण नहीं हो जाते हैं। प्रथम बार होने वाली परीक्षा केंद्रीकृत स्तर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित की जाएगी। इसके बाद की परीक्षाओं का आयोजन विद्यालय स्तर पर होगा अथवा जिला स्तर पर, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। गौरतलब है कि छात्रों के अध्ययन कौशल में आ रही कमी को देखते हुए वर्तमान सत्र से प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में बोर्ड की तर्ज पर परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया, ताकि छात्र बड़ी कक्षाओं के लिए तैयार हो सकें।

**छहमाही के नतीजे अगले सप्ताहः** शासकीय विद्यालयों में छहमाही परीक्षाएं ली जा चुकी हैं। शीतकालीन अवकाश के बाद अगले सप्ताह इसके परिणाम जारी किए जाएंगे। इसके आधार पर ही दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष रणनीति बनेगी। पहली बार दसवीं-बारहवीं के छमाही परीक्षाओं के नतीजों को भी ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। पांचवी और आठवीं के जिन विद्यालयों में छात्रों का प्रदर्शन खराब रहा है, वहां भी कमजोर विद्यार्थियों के लिए स्पेशल कक्षाओं की तैयारी चल रही है। छमाही नतीजे जारी होने के बाद ही इसकी रूपरेखा बनाई जाएगी।

### पश्चिमी विक्षोभ के...

का रिकार्ड टूट गया। इसके बाद लगातार आने वाले पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम को ऐसा बदला कि पिछले 17 दिन से सरगुजा संभाग में ठंड कम हो गई है। मध्य और बस्तर में तो जैसे गर्मी का माहौल बन गया है और पंखे का सहारा लेना पड़ रहा है। काफी समय से रात का तापमान सामान्य ने नीचे नहीं उतरा है। अभी पश्चिमी विक्षोभ गुजर रहा है और नियमित रूप से बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा का आगमन हो रहा है, जिसकी वजह से मौसम पूरी तरह बदला हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार विक्षोभ का असर दो दिन में पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इससे नमी समाप्त होगी और हवा की दिशा भी बदलेगी। तीस दिसंबर की सुबह से तापमान में गिरावट आना शुरू होगी।

# फिल्मी अंदाज में मारपीट और लूट चार बदमाश गिरफ्तार, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घर के लिए किराना सामान लेने गए व्यक्ति को घेरकर फिल्मी अंदाज में मारपीट कर 50 हजार रुपए लूट करने के आरोप में गुढ़ियारी पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों का पुलिस ने उनके आड़े-तिरछे बाल कटवाकर जुलूस निकालकर कानून का पाठ पढ़ाया। घटना पांच दिन पूर्व की है। बदमाशों ने जहां मारपीट तथा लूट की घटना की थी, पुलिस ने बदमाशों को उसी जगह ले जाकर सबक सिखाया। कलिंग नगर निवासी बृजेश शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने सुनील उर्फ विद्याधर सोनी, देशी उर्फ छोटू उर्फ सोमनाथ सोना, भुरू उर्फ विरेंद्र संेद्रे तथा राजा नायक को गिरफ्तार किया है। बृजेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मिराज पेट्रोल पंप के पास घर के लिए सामान खरीदने गया था। वहां पूर्व से खड़े सुनील तथा उसके साथियों ने उसके साथ बेवजह गाली-गलौज की। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे चारों तरफ से घेरकर मारपीट की। मारपीट कर रहे बदमाश अपने हाथ में चाकू रखे हुए थे।

- किराना सामान खरीदने गए व्यक्ति को बदमाशों ने घेरकर मारपीट करने के बाद गाड़ी की डिक्की से रुपए निकाल लिए थे



### *बाथरूम में छिपकर बचाई जान*

*बृजेश के अनुसार बदमाशों ने चाकू निकालकर उस पर हमला करने की कोशिश की, तो वह अपनी दोपहिया छोड़ बाजू के पेट्रोल पंप के वाशरूम में जाकर खुद को बचाया। बृजेश के अनुसार उसकी एक्टिवा में चाबी लगी हुई थी। बदमाश देख लेने की धमकी देते हुए बृजेश की एक्टिवा अपने साथ ले गए और थोड़ी दूर जाने के बाद एक्टिवा की डिक्की में रखे 50 हजार रुपए निकालकर बीयर की बोतल भर दी।*

### *घटना की जानकारी देने पर मारने की धमकी*

*बृजेश ने पुलिस को बताया कि बदमाश गाड़ी ले जाने के थोड़ी देर बाद उसे गाड़ी देने लौटे। बदमाश उसे फिल्मी अंदाज में घटना की जानकारी किसी को देने तथा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पर पूरे खानदान को जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।*

### भागवताचार्य पं. ओझा नए वर्ष में आएंगे सुनाएंगे भागवत कथा



रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक रमेश भाई ओझा की ओजस्वी वाणी जल्द ही राजधानी रायपुर में सुनाई देगी। जैनम मानस भवन, विमानतल रोड पर मिरानी ग्रुप ने श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया है। छत्तीसगढ़ में एक बड़ा साधक समूह पं. ओझा के मुखारबिंद से कथा सुनने आतुर है। छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रांतों व जिलों से लोग कथा सुनने पहुंचेंगे, इसलिए आयोजन की व्यापक तैयारी की जा रही है। नए वर्ष 2025 के जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में कथा पाठ करने वे रायपुर आ रहे हैं। रायपुर में व्यासपीठ से उन्हें प्रत्यक्ष सुनने का मौका मिलेगा। कथा की शुरुआत 2 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगी और पं. ओझा द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी। कथा का रोजाना समय शाम 4 से 7.30 बजे तक रहेगा।

आवेदन आमंत्रित

पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)

अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र

न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप


### पिछड़ा वर्ग संगठित रहे, हर जिले में हो ऐसा ही अधिवेशन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन जिला बालोद का अधिवेशन विधायक ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने कहा, पिछड़ा वर्ग को संगठित रहना चाहिए और सभी जिलों में संगठन का विस्तार होना चाहिए, विशेषकर युवाओं की भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने आयोजक जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को बधाई दी, जिन्होंने सभी समाज के प्रमुखों का सम्मान कर एक सूत्र में पिछड़ा वर्ग को पिरोने का काम किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने समाज को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संगठित होने का आव्हान किया।

### अनिल तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक बने

**रायपुर।** संघ के पूर्व महामंत्री एवं कोटवार संघ, प्रशिक्षित गो-सेवक संघ, संयुक्त शिक्षक संघ के प्रमुख प्रांतीय सलाहकार अनिल श्रीवास्तव को छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायपुर के प्रांतीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने संघ में प्रत्यय शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का प्रांतीय संरक्षक नियुक्त किया है। कोटवार संघ के अध्यक्ष प्रेमकिशोर बाग, नागेश्वर चौहान, त्रिलोकी मानिकपुरी, गिरवर मानिकपुरी, संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री सुभाष शर्मा, प्रशिक्षित गो-सेवक संघ के प्रांताध्यक्ष सोमनाथ यादव ने नियुक्ति का स्वागत करते हुए हर्ष जताया है।



# शंकराचार्य निश्चलानंद बोले- आरएसएस के पास गुरु, ग्रंथ और गोविंद का बल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने शुक्रवार को श्री सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम रावांभाठा में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों से चर्चा की। मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर शंकराचार्य ने तंज कसते हुए कहा कि स्वयंसेवक बनते-बनते सर्व संचालक बन जाते हैं। इन्हें बारह महीने बोलना है, इसलिये कुछ भी बोल देते हैं। बाद में लज्जित होते हैं और कह देते हैं कि हमारे बयानों की आलोचना करने का सबको अधिकार है।

पुरी शंकराचार्यजी ने यह भी कहा कि यह संघ की लाचारी है कि उनके पास गुरु, गोविंद और ग्रंथ का बल नहीं है। आरएसएस अगर एक भी ग्रंथ अपना लेता तो उसे ग्रंथ बल मिल जाता, इसके बिना उसका स्थान बहुत छोटा है। नकली शंकराचार्य के बारे में पुरी शंकराचार्यजी ने कहा कि देश में नकली राष्ट्रपति, नकली प्रधानमंत्री नहीं बन सकते तो फिर नकली शंकराचार्य बनाकर क्यों महिमा मण्डित किया जा रहा है। ये पीएम मोदी और सीएम योगी द्वारा मान्य शंकराचार्यों की अवहेलना है, क्योंकि मान्य शंकराचार्य शास्त्र सम्मत और सबके लिए हितप्रद बातें बताते हैं, जिनसे राजनीतिज्ञों के लिए हितकर नहीं होता और इसीलिए उनके अनुसार चलने वाले नकली शंकराचार्यों को प्रश्रय देते हैं।

### जब तक हिंदू सुरक्षित, तब तक पूरी कौम भी सुरक्षित

पुरी शंकराचार्य ने आगे कहा कि सबके पूर्वज वैदिक आर्य हिंदू सनातनी हैं और जब तक हिंदू सुरक्षित है, तब तक अन्य सारी कौम भी सुरक्षित है। अगर हिंदू ही नहीं रहेंगे तो इन्हें भी मार, काटकर भगा दिया जाएगा। शंकराचार्य ने स्पष्ट शब्दों यह भी कहा कि जब तक हिंदू सिर्फ पेट और परिवार तक सीमित रहेगा तो उनकी दुर्दशा होती रहेगी। माता के अधिकार के बारे में पूछे जाने पर पुरी शंकराचार्य ने कहा कि पुरुषों से अधिक माताओं का अधिकार शास्त्रों में बताया गया है। श्रीरामचरित मानस में कहा गया है, जौं केवल पितु आयसु ताता, तौ जनि जाहु जानि बड़ि माता अर्थात हे तात! यदि केवल पिताजी की ही आज्ञा हो तो माता को (पिता से) बड़ी जानकर वन को मत जाओ। गौरतलब है कि राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत नौ दिवसीय प्रवास पर पुरी शंकराचार्य का 22 दिसंबर को रायपुर आगमन हुआ है। रावांभाठा स्थित शंकराचार्य आश्रम में पुरी शंकराचार्य 30 दिसंबर तक रहेंगे। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम पश्चात 31 दिसंबर को शाम 5 बजे रेलमार्ग से ओडिशा प्रस्थान करेंगे।




## स्लीपर-जनरल कोच फिर ठसाठस

# 21 लोकल ट्रेनों के पहिए थमने से एक्सप्रेस पर बढ़ा दबाव, दोगुने यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

लोकल ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को शुक्रवार के दिन बसों में सफर करना पड़ा। रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य शुरू किया गया, जिसके कारण रायपुर से दुर्ग व डोंगरगढ़ जाने वाली 21 ट्रेनें रद्द रहीं। एक्सप्रेस ट्रेनों की ठंड के कारण लंबी लेटलतीफी के बीच लोकल गाड़ियों के रद्द होने से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी दिक्कत हुई।

इस वजह से बिलासपुर और राजनांदगांव के साथ दुर्ग से रायपुर रोजाना अप-डाउन करने वाले हजारों लोकल ट्रेन के यात्री एक्सप्रेस में सफर कर रहे हैं। ऐसे में एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच के साथ स्लीपर कोच यात्रियों से पैक हो चुके हैं। आलम ये है कि भीड़ की वजह से स्लीपर में सफर करने यात्रियों को पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। शुक्रवार को आजाद हिंद, समता, संपर्क क्रांति, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में काफी भीड़ रही। ट्रेनों के निर्धारित समय पर नहीं चलने के कारण भी हर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो चुकी है, इस वजह से कन्फर्म टिकट के यात्रियों को सफर में असुविधा होने लगी है।





### दो हजार एमएसटी यात्रियों को दिक्कत

छोटे स्टेशनों से रायपुर आने-जाने वाले यात्रियों को अब ट्रेन की जगह बस में सफर करना पड़ रहा है, जिसमें उन्हें ट्रेन के किराए की तुलना में 30 रुपए तक अधिक देने पड़ रहे हैं। मंडल में 2 हजार से अधिक लोकल ट्रेन में सफर करने वाले एमएसटी कार्डधारक यात्री हैं। ऐसे में यात्रियों को शहर आने के लिए अधिक किराए के साथ ट्रेनों की लेटलतीफी से भी जूझना पड़ रहा है। सुबह 6 से रात 9 बजे तक एक्सप्रेस ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखी जा रही है।



■ रायपुर से दुर्ग और डोंगरगढ़ जाने वाली 21 लोकल रद्द होने से दिनभर बसों में रही यात्रियों की भीड़

### दुर्ग की बसों में भारी भीड़

रायपुर से दुर्ग जाने के लिए यात्रियों ने बस से सफर किया। एक्सप्रेस ट्रेन 4 से 5 घंटे तक लेट रही। रोजाना लोकल ट्रेनों में 20 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। लोकल ट्रेन नहीं चलने से लोगों ने अधिक किराया देकर बसों में सफर किया। कुम्हारी में सिग्नल का काम 30 फीसदी पूरा किया जा चुका है। शनिवार को भी काम चलेगा, जिसके कारण रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को दिक्कत होगी। रायपुर आने के लिए दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव की बसों में भारी भीड़ देखने को मिली।

# बिना बैंक गारंटी ग्रेसफुल एजेंसी को करोड़ों रुपए के यूनिपोल विज्ञापन का वर्क ऑर्डर: मीनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की विज्ञापन यूनिपोल एजेंसियों पर करोड़ों रुपए बकाया राशि को लेकर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने महापौर एजाज ढेबर पर आरोप लगाया है कि पिछले दो वर्ष में शहर में अनेक स्थानों पर यूनिपोल लगाए गए हैं, वे सभी महापौर की सहमति से ही लगे हैं, क्योंकि उनकी सहमति के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं है। इन एजेंसियों पर विज्ञापन के एवज में करोड़ों रुपए की राशि बकाया है, जिससे राजस्व के रूप में प्रशासन को नुकसान हुआ है। उन्होंने बिना बैंक गारंटी के ग्रेसफुल एजेंसी को करोड़ों रुपए के वर्क ऑर्डर जारी करने पर भी सवाल उठाया है।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने जारी बयान में कहा कि महापौर पहले यूनिपोल की अनुमति देते हैं और बाद में बकाया राशि वसूली नहीं करने का आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रेसफुल मीडिया के मामले में लगातार कार्यवाही की बात सामने आ रही है। लगभग तीन महीने में ग्रेसफुल मीडिया के यूनिपोलों को नगर निगम द्वारा राजसात कर लिया गया है, मगर इन तीन महीनों से इन यूनिपोलों के लिए कोई टेंडर नहीं निकाला गया है, जिससे नगर निगम को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि महापौर चुपचाप इन यूनिपोलों को अपने पसंदीदा एजेंसी को देना चाहते हैं।



निगम में नेता प्रतिपक्ष ने यूनिपोल एजेंसियों पर करोड़ों की बकाया राशि मामले में महापौर पर लगाए आरोप

### निगम को करोड़ों का नुकसान

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुझे आश्चर्य हो रहा है कि ग्रेसफुल एजेंसी से करोड़ों रुपए के विज्ञापन के एवज में बैंक गारंटी नहीं ली गई है। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में लगभग 28 छोटी-बड़ी विज्ञापन एजेंसी कार्यरत हैं, जिनसे करोड़ों रुपए की आमदनी निगम को होती है, मगर जिम्मेदारों की लापरवाही और लचीली विज्ञापन नीति की वजह से निगम को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रेसफुल मीडिया के अलावा अन्य विज्ञापन एजेंसियों पर करोड़ों रुपए का बकाया है। उन्होंने कहा कि बकायदार एजेंसियों से ब्याज सहित बकाया राशि वसूल की जाए या फिर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। नेताप्रतिक्ष ने निगम आयुक्त से होर्डिंग पॉलिसी पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है।

## बिजनेस साइट

### सुराना भवन के समर और विंटरवियर सेल को मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स



**रायपुर।** नेताजी सुभाष स्टेडियम के पास छोटापारा स्थित सुराना भवन में चल रही रेडीमेड गारमेंट सेल को राजधानीवासियों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस सेल में नामी ब्रांड्स के रेडीमेड गारमेंट्स और वूलन आइटम्स बेहद किफायती दामों में उपलब्ध हैं, जिससे राजधानीवासी इस बार की सबसे सस्ती बिक्री का लाभ उठा रहे हैं। यह सेल सीमित समय के लिए आयोजित की गई है। सेल के संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में लेडीज वेस्टर्न टॉप 100 रुपए, बच्चों की शर्ट-जींस 100 रुपए, लेडीज लेगिंग्स 100 रुपए, पुरुषों की टी-शर्ट 150 रुपए, कैजुअल शर्ट 100 रुपए, बेबी फ्रॉक 200 रुपए, बेबी टॉप-जींस-स्कर्ट 100 रुपए, पुरुषों की कैजुअल/फॉर्मल शर्ट 500 रुपए में 2 पीस, पुरुषों की जींस/ट्राउजर्स 900 रुपए में 2 पीस और लोअर 200 रुपए में मिल रहे हैं। सेल में ब्रांडेड स्वेट शर्ट्स, हॉफ स्वेटर्स, जैकेट्स, जिपर्स, महिला जैकेट्स, स्वेटर्स, वूलन कुर्तियां, वेस्टर्न टॉप्स, जॉगिंग, जीन्स, किड्स स्वेट शर्ट्स, स्वेटर्स, बेबी कुर्तियां, टी-शर्ट्स, जीन्स, शर्ट्स और कई अन्य वूलन आइटम्स तथा गारमेंट्स की विशाल वैरायटीज उपलब्ध है।

### किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड का ग्राहक सिलन समारोह




**रायपुर।** हाल ही में होटल सिमरन में किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड और अधिकृत विक्रेता राजधानी ट्रेडर्स रायपुर के तत्वावधान में एक भव्य ग्राहक मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में कंपनी के कलस्टर मैनेजर समीर कुंद, क्षेत्रीय प्रबंधक सुशांता बर्तिक और राजधानी ट्रेडर्स रायपुर के संचालक विजय एवं अवि देवांगन सहित उरला, सिलतरा और सीमेंट प्लांटों के तकनीशियन एवं परचेस ऑफिसर भी उपस्थित थे। समारोह में किर्लोस्कर कंपनी द्वारा उच्चतम एफिशिएंसी से निर्मित पंपों की क्षमता और उनके उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी गई।

### रायपुर में पहली बार साहित्य जगत पर अनोखा कार्यक्रम आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में साहित्य विचार और सम्मान का आयोजन आज होने जा रहा है, जो प्रदेश के इतिहास में एक अनोखा और भव्य कार्यक्रम साबित होगा। उपमुख्यमंत्री अरूण साव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन सिंघानिया सरोवर पोर्टिको में दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। विशेष अतिथि धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के मूर्धन्य साहित्यकारों की उपस्थिति इस आयोजन को और भी गौरवमयी बनाएगी। साहित्य की विभिन्न विधाओं में ख्यातिलब्ध विद्वानों को एक मंच पर देखना इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा।


साहित्य विचार एवं सम्मान 2024


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411






रामेश्वरम धाम यात्रा

तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी

यात्रा दिनांक: 12 जनवरी 2025, 19 जनवरी 2025, 16 फरवरी 2025, 13 मार्च 2025, 13 अप्रैल 2025

11 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-

स्वामी तीर्थ यात्रा

संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा

91111-11866, 82757-57579

Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री

02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025

राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 16,000/- (+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411



शुरु हो गया

आपके शहर रायपुर में

FUN WORLD

दुबई थीम कार्निवल

खाना, खरीदी व मनोरंजन एक साथ




रोज़ाना शाम 4 से रात्रि 10 बजे

गॉस मेमोरियल मैदान

काली मन्दिर के सामने, आकाशवाणी के पास, रायपुर

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



02 शिव भक्तों की ऐसी आस्था...कथा सुनने...



## एजूकेशन अपडेट

# छत्तीसगढ़ सिविल जज भर्ती 2024 के लिए आवेदन शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग यानी सीजीपीएससी ने सिविल जज, जूनियर डिवीजन परीक्षा 2024 के लिए 26 दिसंबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। योग्य और इच्छुक उम्मीदवार सीजीपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट psc.cg.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तारीख 24 जनवरी 2025 है। इसके लिए एप्लिकेशन करेक्शन विंडो 25 जनवरी 2025 को खुलेगा, जो 27 जनवरी तक खुला रहेगा। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 57 पद भरे जाएंगे। उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से लॉ ग्रेजुएशन की डिग्री जरूरी है।



### इस तरह होगा चयन

छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है, जबकि राज्य के बाहर के उम्मीदवारों को 400 रुपए का आवेदन शुल्क देना होगा। इन पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन तीन चरणों में किया जाएगा, जिसमें प्रीलिम्स, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू शामिल हैं। सबसे पहले उम्मीदवारों को प्रीलिम्स यानी प्रारंभिक परीक्षा पास करनी होगी और उसके बाद मुख्य परीक्षा में शामिल होना होगा। फिर जो उम्मीदवार मुख्य परीक्षा पास करेंगे, वे इंटरव्यू में शामिल होंगे। इसके बाद मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी और रिजल्ट की घोषणा की जाएगी।

### उम्मीदवारों को इस तरह मिलेगी छूट

*इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की उम्र 1 जनवरी 2025 को 21 से 35 साल के बीच होनी चाहिए। हालांकि आरक्षित केटेगरी के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी उम्र सीमा में छूट दी जाएगी, जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों को उम्र सीमा में 5 साल की छूट और महिलाओं (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अनारक्षित) के लिए ऊपरी उम्र सीमा में 10 साल की छूट होगी।*

## शिवोम शिवांजली महोत्सव में कथक व शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति

# भाव की सुंदरता से सजा मंच, नृत्यांगना की लय में दिखीं कथक की बारीकियां

शिवोम विद्यापीठ द्वारा तीन दिवसीय 'शिवोम शिवांजली महोत्सव' का आयोजन किया गया है। यहां मंच पर भाव और ताल पक्ष की सुंदरता से कथक व शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति देखने को मिलीं। इस दौरान युवा कथक नृत्यांगना ने अपने भावपूर्ण कथक से तालियां बटोरीं। उन्होंने अपने नृत्य से कथक की बारीकियों को भी दर्शाया। सुबह से शाम तक चले इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों से लेकर युवाओं ने भी हिस्सा लिया, इस दौरान मंच पर कथक के विभिन्न रंग देखने को मिले। कार्यक्रम के दूसरे दिन 80 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया, जहां देर रात तक शास्त्रीय नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी गई। समता कॉलोनी स्थित मैक ऑडिटोरियम में सुबह 9 बजे से आयोजित स्पर्धा में प्रदेश के नन्हें स्कूली छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**रायपुर।** 'वर्तमान में पश्चिमी संस्कृति के प्रति लोगों का अधिक रुझान देखा जा रहा है। ऐसे में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को बढ़ावा देने का जिम्मा स्कूली छात्रों ने लिया है। प्रतियोगिता के दौरान सबसे अधिक विद्यालय के छात्राओं की संख्या देखने को मिली, जिन्होंने शास्त्रीय नृत्य कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी और कुचिपुड़ी की प्रस्तुति की। इस दौरान हरिभूमि ने उपस्थित प्रतिभागियों से चर्चा की और उनकी राय, नृत्य के प्रति भाव को समझा।'

**ये रहे विजेता :** कार्यक्रम में जूनियर, सीनियर स्पर्धा में अक्षिता नेताम, आन्या यादव, आव्या जैन अग्रणी, योशिता कोसरे ने कथक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुचीपुड़ी में पी. पूर्वाजा, ओडिसी में निष्का अनंत ने बाजी मारी। एकल गायन में महिका सिंह, विवेक निषाद, प्रगति ओगले और कायरा देवांगन ने पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख अवधेश शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली, निर्णायक डॉ. राखी रॉय, हिना देशपांडे और तरुण कूर्म उपस्थित रहे।



### श्रीकृष्ण के रूद्रावतारों की प्रस्तुति

कुचीपुड़ी नृत्य की प्रथम विजेता पी. पूर्वाजा ने हरिभूमि से चर्चा कर नृत्य संबंधित जानकारी साझा की। कहा, नृत्य व्यक्ति के जीवन में अनुशासन लाता है। मैं बीते 10 वर्ष से शास्त्रीय नृत्य कर रही हूं। भारतीय संस्कृति अपने आप में पूर्ण है, हमने स्वयं का नृत्य, संगीत हासिल किया है। ऐसे में शास्त्रीय नृत्य में शामिल युवा पीढ़ी अपने संस्कृति एवं परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश के मशहूर नृत्य कुचिपुड़ी में स्वागतम नृत्य की प्रस्तुति दी। लगभग 6 मिनट की प्रस्तुति में श्री कृष्ण के रूद्रावतारों को भावपूर्वक दर्शाया। नृत्य के साथ ही कराते में भी ब्लैक बेल्ट हूं। मेरा सपना डॉक्टर बनना है, साथ ही संगीत, नृत्य, खेल में भी रुझान है।

### नृत्य को समर्पित जीवन

कक्षा 8वीं की छात्रा मायशा डागा बीते 8 वर्ष से कुचिपुड़ी नृत्य कर रही हैं। जिन्होंने 'कृष्णम कल्याण सखी' की प्रस्तुति दी, नृत्य के माध्यम से श्रीकृष्ण के बालस्वरूप, होली उत्सव और मां यशोदा के भाव को प्रकट किया गया। मायशा ने बताया, कुचिपुड़ी में व्यक्ति भाव के माध्यम में नृत्य की प्रस्तुति करता है। यह मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, जो मेरे सुख-दुख में मेरे साथ रहता है।



### लखनऊ घराने के नृत्य की प्रस्तुति

व्यक्ति की भावनाओं की प्रस्तुत करने का सबसे सरल माध्यम नृत्य है, इसमें सरल, शांत, चंचल, खुश, करुणा एवं क्रोध जैसे भावनाओं को प्रस्तुत करते है। कलाकार इशिका गिरी ने बताया, बीते पांच वर्ष से कथक नृत्य कर रही हैं। स्पर्धा में लखनऊ घराने के पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। नृत्य के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इसमें डांस स्टेप, ताल, चेहरे के हाव-भाव शामिल हैं। साथ ही पढ़ाई और डांस को एक जैसा समय देना भी जरूरी है।

### नृत्य से जीवन में स्थिरता

गुरु मां ने कहा था, जब नृत्य के दौरान पैर थिरकते हैं तो व्यक्ति की बुद्धि बढ़ती है। वह अपने काम तेजी के करती है। वक्त के साथ नृत्य आदत का स्वरूप ले लेता है। कथक नृत्य की प्रतिभागी आर्या जोगलेकर ने बताया, नृत्य के साथ पढ़ाई करना सबसे सरल हो जाता है। जब हम कम से कम वक्त में ही कठिन प्रश्नों को तेजी से याद कर लेते हैं। इससे व्यक्ति की जीवन में स्थिरता बनी रहती है।

## सिटी इवेंट

# 2047 के पूर्व भारत को विकसित बनाने की मुहिम से जुड़े छत्तीसगढ़ के युवा



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को वर्ष 2047 से पूर्व विकसित बनाने की मुहिम में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने अपना टैलेंट दिखाया है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण ने 80 हजार से अधिक युवाओं को प्लेटफार्म उपलब्ध कराया। रायपुर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में यूथ डॉयलाग कार्यक्रम हुआ।

### संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण की स्टेट चैम्पियनशिप

भारत को विकसित बनाने के लिए भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण, महिलाओं को सशक्त बनाना और सामाजिक संकेतक में सुधार, विकासित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना, कृषि में उत्पादकता बढ़ाना, भारत को एक स्पोर्टिंग और फिट राष्ट्र बनाना, भारत को वैश्विक विनिर्माण पॉवर हाउस बनाना, भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी के रूप में विकसित करना, भारत को पूर्णतः टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाना, विकसित भारत के लिए तकनीकी, विकास भी विरासत भी की थीम पर माई भारत पोर्टल पर छत्तीसगढ़ के 3 लाख 26 हजार से अधिक पंजीकृत वालंटियर्स एवं प्रदेश के विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए सर्वप्रथम ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया।

### राज्य के 80 हजार से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनूजा सलाम ने बताया कि ऑनलाइन क्विज में क्वालीफाइड 6103 युवाओं में से 635 युवाओं ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने संबंधी निर्धारित 10 थीम पर निबंध लेखन किया। निबंध लेखन अंतर्गत प्रत्येक विषय में अधिकतम 25 अभ्यर्थियों का चयन स्टेट चैम्पियनशिप के लिए किया जाना था, कुल 228 युवाओं का चयन स्टेट चैम्पियनशिप के लिए किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर उपस्थित हुए और युवाओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक अतुल निगम भी उपस्थित रहे। स्टेट चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के 45 युवाओं का चयन कर नई दिल्ली भेजा जाएगा। 11 एवं 12 जनवरी 2025 को भारत मण्डपम नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भारत को विकसित बनाने के विजन को प्रस्तुत करने का अवसर राज्य के युवाओं को दिया जाएगा।

# युवाओं ने जाना निवेश का फंडा, सरकारी सहायता और नीतियों से स्टार्टअप होगा बेहतर

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में शुक्रवार को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के सहयोग से स्टार्टअप आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह भारत के उभरते स्टार्टअप परिदृश्य में नवाचार, उद्यमिता और शुरुआती चरण के निवेश को बढ़ावा देने पर केंद्रित था। इस कार्यक्रम को उद्यमियों, निवेशकों और छात्रों से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली। कॅरियर विकास केंद्र के प्रमुख प्रो. समीर बाजपेयी ने भविष्य के उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए एनआईटी रायपुर के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। इसके बाद, इन्क्यूबेशन सेल के प्रभारी, प्रो. डॉ. अनुज कुमार शुक्ला ने स्टार्टअप इन्क्यूबेशन और मार्गदर्शन में एनआईटीआरएफआईई की भूमिका पर प्रकाश डाला।



### निवेश करने दिए जरूरी सुझाव

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में स्टार्टअप पिचिंग सत्र शामिल रहा, जहां चयनित स्टार्टअप ने निवेशकों के एक विशिष्ट पैनल के सामने अपने नवीन व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए। पैनल में अराली वेंचर्स के प्रबंध भागीदार राजीव रघुनंदन, कैंपस फंड की संस्थापक और सीईओ ऋचा बाजपेयी तथा यूनिकॉर्न इंडिया वेंचर्स के विश्लेषक रोहन पिचाई जैसे प्रमुख निवेशक शामिल थे। इन उद्योग विशेषज्ञों ने सक्रिय रूप से पैनल चर्चाओं में भाग लिया, पिचों का मूल्यांकन किया और संभावित निवेश के अवसरों की खोज करते हुए बहुमूल्य सुझाव दिए।

सिडबी के उप महाप्रबंधक विजय कुमार सिंह और प्रबंधक अनुपम श्रीवास्तव ने एमएसएमई और स्टार्टअप के सशक्तिकरण में सिडबी की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। साथ ही स्टार्टअप इंडिया की प्रबंधक सुहानी कुमार ने नवोदित उद्यमों के लिए उपलब्ध सरकारी सहायता और नीतियों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिससे दर्शकों को व्यावहारिक और उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई।



# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार लेकर लौटीं हेमबती ने अनुभव किए साझा

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कोंडागांव की बालिका जूडो खिलाड़ी कु. हेमबती को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। शुक्रवार को हेमबती दिल्ली से रायपुर लौटीं। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बालगृह ने उसका स्वागत किया। हेमबती को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया, साथ ही पुरस्कार की राशि 1 लाख रुपए बैंक एकाउंट में भेजी जाएगी। बालगृह कोंडागांव की अधीक्षक मणि शर्मा के साथ हेमबती पुरस्कार लेने के बाद रायपुर पहुंचीं। जहां विमानतल पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. कमल वर्मा, महासचिव चंद्रेश शाह, संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम, प्रभा सेंद्रे, श्वेता सिंह, रिंकू, लेखा, इंद्रसेन ने उन्हें पुष्पगुच्छ, माला और शॉल पहनाकर स्वागत किया। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी हेमबती को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विमानतल पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने भी उनसे भेंट की।

*जूडो खिलाड़ी प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित*

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के चलते रंगारंग कार्यक्रम स्थगित

# राजस्थान के मार्बल से बनी बुद्ध की मूर्ति में वर्षों तक चमक अलीगढ़ के कंगन और राज्यों के परिधान आ रहे पसंद

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** स्वदेशी मेला 2024-25 का आगाज शुक्रवार से साइंस कॉलेज मैदान में हुआ। यह मेला 3 जनवरी तक चलेगा। इसमें स्थानीय, बाहरी कलाकार और व्यवसायी अपनी कला तथा उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें भदोही के कार्पेट्स, फिरोजाबादी हैंडीक्रॉफ्ट्स, भिलाई का बैंबू आर्ट्स, सहारनपुरी फर्नीचर, अलीगढ़ी कंगन-चूड़ियां, भागलपुरी सूट-साड़ियां, पंजाबी जूतियां और राजस्थानी मार्बल आर्ट्स, आचार, खिलौनों आदि हर तरह खाने-पीने, सजावट समानों के स्टॉल लगे हुए हैं। मेला प्रभारी सुब्रत चाकी ने बताया कि यह मेला 20 सालों से हर साल लगाया जा रहा है। मेला दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक लोगों के लिए खुला रहेगा। इसमें प्रदेश के अलावा देश के कई राज्यों से आए हुए व्यवसायियों ने स्टॉल लगाए हैं। इस बार मेले में 350 के करीब स्टॉल लगे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की वजह से मेले का शुभारंभ फीका रहा।



### हील व म्यूल्स खरीदने लग रही भीड़

हरदीप पंजाबी जूती स्टॉल पर लोग जूती, कोल्हापुरी चप्पलें देखने आ रहे हैं। खासकर हील और म्यूल्स को खरीदने के लिए ज्यादा ही भीड़ लग रही हैं। हरदीप बताते हैं कि उनके पास 250 से लेकर 550 रुपए कीमत तक की जूतियां हैं। वहीं म्यूल्स 350 से शुरू होकर 1000 रुपए तक के हैं।

### यूपी के मशहूर कार्पेट और चूड़ियों के स्टॉल



स्वदेशी मेले में फिरोजाबादी हैंडीक्रॉफ्ट्स, अलीगढ़ी चूड़ियों, सहारनपुरी फर्नीचर्स के स्टॉल लगे हुए हैं। रूप सिंह के हैंडीक्राफ्ट्स स्टॉल पर कांच के ऊपर पत्थर की कारीगरी से बनाए आकर्षक झूमर, स्टूल, फ्रेस आदि तरह की इलेक्ट्रिक लैंप हैं। वहीं सहारनपुरी फर्नीचर हाउस के स्टॉल पर सोफे, टी टेबल, ज्वेलरी बॉक्स आदि हैं। अलीगढ़ से आए अनिल ज्वेलर्स के स्टॉल पर चूड़ी व कंगन हैं। भदोही के मशहूर मुस्कान कार्पेट स्टॉल पर हैंडमेड कश्मीरी, ईरानी, सैगी, 3 व 4डी, माइक्रोफाइबर कार्पेट्स हैं।

### भगवान बुद्ध की मार्बल की मूर्ति खींच रही ध्यान

मेले में गौतम बुद्ध की मार्बल की मूर्ति लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। यह मूर्ति राजस्थान मार्बल आर्ट्स के स्टॉल पर है। इस स्टॉल में मार्बल आर्ट्स के बेहतरीन नमूने शामिल हैं, जिनमें सजावट के लिए हाथी की मूर्ति आदि है। मार्बल की मूर्तियों के अलावा भी कई तरह के पत्थरों से बनी आकृति भी सजावट लिए खरीदी जा सकती है। यह स्टॉल लोगों के लिए आकर्षण केंद्र बना हुआ है।



### बेहतरीन हैंडमेड आर्ट्स मेले का आकर्षण

भिलाई के दिलीप पाल का स्टॉल बैंबू आर्ट्स से भरा हुआ है। स्टॉल पर सोफा, डाइनिंग टेबल, फ्लॉवर पॉट, की-होल्डर, फ्रूट बॉस्केट, स्टूल आदि सामान हैं। उनके यहां 30 से 30000 रुपए तक के सजावट सामान भरे हुए हैं। वहीं शहर की डॉली बबलानी और मिनी यादव के स्टॉल पर कैनवास पेंटिंग, लिप्पन आर्ट, टेक्चर लीप आर्ट आदि है। डॉली टेक्चर लीप आर्ट्स पर बताती हैं कि यह गोल्ड फ्वाल से बनाया गया है। इसकी कीमत 5000 रुपए है।

**धर्म लाइव**

## वृंदावन धाम के 108 पंडितों के साथ 108 यजमानों ने लिया संकल्प



**रायपुर।** श्रीमद भागवत कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधारे श्रीहित ललित ने कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली। इस दौरान वृंदावन धाम से पधारे 108 विद्वान पंडितों के साथ 108 यजमानों ने संकल्प लिया। हरदेवलाल मंदिर से पुजारी पार्क तक कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में लगभग 300 महिलाएं शामिल हुईं। श्रीमद भागवत कथा के कथावाचक श्रीहित ललित ने सभी भक्तजनों को श्रीमद भागवत का ज्ञान, महात्म्य प्रसंग, सूत शौनकादि मुनि संवाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ज्ञान प्राप्त कर सभी भक्तजन संध्या आरती में भक्तिभाव से नाचते-गाते शामिल हुए।

### आज शुकदेव मुनि आगमन का प्रसंग

श्रीमद भागवत कथा परिवार के संयोजक सीए अमिताभ अग्रवाल एवं कमल अग्रवाल ने बताया कि आज दोपहर 3 बजे से श्रीमद भागवत की रचना, देवऋषि नारद पूर्वजन्म प्रसंग, कुंती स्तुति, भीष्म स्तुति, राजा परीक्षित जन्म, शुकदेव मुनि आगमन का प्रसंग सुनाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक अमिताभ अग्रवाल व कमल अग्रवाल, प्रमुख रूप से संजय राइका, मुल्कराज शर्मा, राजीव मुंदड़ा, मनोज पाण्डेय, राजेश शर्मा, संजय अग्रवाल तिल्दा, मनोज शर्मा कोरबा, सीताराम केडिया, अर्जुन केडिया, जितेंद्र सिंघानिया एवं शहर के श्रद्धालु उपस्थित थे।

**सिटी लाइव**

## नृत्य से समझाया सच्ची दोस्ती का भाव नाटक में दिखाया जीवन का मूल्य



**रायपुर।** श्री गुजराती इंग्लिश मीडियम स्कूल देवेंद्र नगर में वार्षिक समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक जीवंत उत्सव था। इस दौरान राज्यों की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को प्रस्तुत करते हुए नृत्य प्रदर्शनों की एक आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए छात्रों ने जीवन मूल्यों को भी बताया, जिसमें सच्ची दोस्ती, माता-पिता के प्यार को नृत्य के जरिए सामने रखा गया। इस मौके समिति के अध्यक्ष रामजी भाई पटेल, विद्यालय कार्यकारी समिति के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल और अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शैलेश शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### वाद्ययंत्रों की मनमोहक प्रस्तुति

छात्रों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य और समकालीन प्रस्तुतियों का शानदार प्रदर्शन किया। सामाजिक विषयों पर आधारित नाटकीय प्रस्तुति थी, जिसने जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में संगीत का भी शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न वाद्ययंत्रों पर प्रस्तुति दी। विजय शंकर झा एवं उनकी संगीत टीम के मार्गदर्शन में मधुर गीतों का गायन किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों की उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए उन्हें बधाई दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**आराधना**

## कल्याण दिवस पर पारसनाथ और चंद्र प्रभु का स्वर्ण और चांदी के कलश से अभिषेक



**रायपुर।** श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में 1008 पारसनाथ भगवान और 1008 चंद्र प्रभु भगवान के कल्याणक दिवस पर स्वर्ण और चांदी के कलश से मंगल अभिषेक किया गया। श्री पार्श्वनाथ भगवान और चंद्रप्रभु भगवान का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य प्रदीप, प्रमोद, अरुण, अक्षत जैन बाकलीवाल को प्राप्त हुआ।

### मंगल विधान कलश की स्थापना

अष्टधातु की प्रतिमा पर शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद, ललिता देवी बाकलीवाल और 1008 चंद्र प्रभु की प्रतिमा पर शांति धारा का सौभाग्य निशांत जैन, अशोक महावीर, प्रकाश अशोक निकोटिया, दीपचंद भारत जैन को मिला। मंगल विधान कलश की स्थापना श्री पारसनाथ दिगंबर जैन सभा समिति के ज्ञानचंद बाकलीवाल, सोमेश बाकलीवाल, जिनेंद्र जैन, प्रवीण छाबड़ा ने की। साथ ही अभिषेक किया। दो तीर्थंकर भगवान के कल्याणक दिवस पर मंगल विधान पूजन अजय शास्त्री ने भक्तों को महिलाओं की उपस्थिति में कराया।

**सेजबहार में श्रद्धालुओं का डेरा, रात में भोजन के बाद अलग-अलग समूह में भजन-कीर्तन**

# शिव भक्तों की ऐसी आस्था...कथा सुनने नौकरी से लिया अवकाश, घर छोड़कर पंडाल को बना लिया अस्थायी घर

'सेजबहार में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा शुरू होने से 5 दिन पहले से ही भक्तों का सैलाब उमड़ने लगा था। अभी स्थिति ये है कि सर्द रातों में भी छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र,ओडिशा और मध्यप्रदेश से आए सात हजार शिवभक्तों ने पंडाल में डेरा जमा लिया है। सभी घर से जरूरी कपड़े, बिस्तर साथ लेकर आए हैं। इनका रहना पंडाल में और खाना आयोजकों द्वारा की गई व्यवस्था के तहत भोग-प्रसादी पंडाल में हो रहा है। रात में भोजन के बाद महिलाएं भजन-कीर्तन भी कर रही हैं।'



### सौ कार्यकर्ता संभाल रहे हैं रसोई

दो लाख से ज्यादा लोग जहां शिव कथा सुनने के लिए आते हैं। वहीं भंडारे की कमान भीखम देवांगन को दी गई है। उन्होंने बताया कि रोज सवा लाख भक्तों के लिए भंडारे का प्रसाद तैयार किया जाता है। भोजन पकाने के लिए कथा पंडाल से करीब आधा किमी की दूरी पर पंडाल बना है। जहां 100 कार्यकर्ताओं की टीम भोजन की सुविधा देने के लिए तैनात रहती है। वे सुबह से रात तक भोजन बनाने और परोसने का काम करते हैं। 60 क्विंटल चावल, तीन क्विंटल दाल, 10 क्विंटल सब्जी प्रतिदिन पकाए जा रहे हैं।

**रायपुर।** श्री शिव महापुराण आयोजन समिति द्वारा बनवाए गए पंडाल में ही दूरदराज से आए शिव भक्तों के लिए व्यवस्था की गई है। इनके लिए आयोजन स्थल के पास शौचालय, पानी के लिए टंकी लगाने के साथ ही पर्याप्त लाइट का इंतजाम किया है। कथा समापन के बाद शाम 7 से 11 बजे के बीच पंडाल में रहने वाले श्रोताओं को भंडारे में भोजन की सुविधा दी जाती है। सुबह नास्ता और कथा शुरू होने से पहले भोजन करने के बाद शिव आराधना का



हिस्सा बनते हैं। आयोजक कमल देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, दानसिंह देवांगन के साथ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने कार्यकर्ताओं, पुलिसकर्मियों को भोग-प्रसादी की सुविधा देने के लिए अलग से व्यवस्था की है। इसकी कमान प्रतिदिन कार्यकर्ता संभालते हैं। पंडाल में रहते हुए कथा सुनने के लिए संकल्प लेकर मध्यप्रदेश, ओडिशा और महाराष्ट्र से आए शिवभक्तों में बेमेतरा, दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, बलौदाबाजार सहित सभी जिलों के सात हजार श्रद्धांलुओं ने कथा स्थल में ही डेरा जमाया है। नागेश, सविता, लोकनाथ साहू एवं अजय महोबिया ने बताया कि प्रदेश में कहीं पर भी महाराज शिवजी की कथा करेंगे तो वहां रहते हुए कथा सुनने का संकल्प भी हम पूरा करेंगे। इनमें ओम शुक्ला, प्रियंका, आशीष और पद्मिनी सोनबेर, आशीष तिवारी प्रमुख हैं।

### नववर्ष में स्वयं की बुरी आदतों को बदलने का करें प्रयास

अंग्रेजी नववर्ष में खुद को बदलने का प्रयास करें। गायत्री परिवार का नारा है, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा, यानी पहले स्वयं को बदलने का प्रयास करना होगा। इससे घर-परिवार का माहौल बदलेगा। इसे देखकर आसपास के लोग और वातावरण बदलेगा। वर्ष 2024 के अंतिम और अंग्रेजी नववर्ष के आने पर ऐसा करें कि स्वयं की बुरी आदतों को बदल लें। भोले भंडारी ने सबकुछ लोगों में बांट दिया है। अब मृत्युलोक में दुख-दर्द मिटा रहे हैं। पं. प्रदीप मिश्रा ने यह बात चौथे दिन की कथा में श्रोताओं के बीच कही।



### दोगुनी मेहनत करें, जरूर सफल होंगे

जिन शिवभक्तों की बेटी या बेटा सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहे हैं। वे अपनी मेहनत दोगुनी कर दें। सफलता के लिए परिश्रम भरपूर करें। साथ ही रोज एक लोटा जल भगवान भोलेनाथ पर समर्पित करना शुरू करें। भगवान भोलेनाथ एक लोटा जल का परिणाम वापस देंगे। ऐसे हजारों और लाखों लोगों को भोलेनाथ ने एक लोटा जल का परिणाम दिया है। कथा श्रोताओं की सनातन व शिवकथा में बढ़ती श्रद्धा एक लोटा जल का ही फल है। गुरु गोविंद सिंह के वीर साहेबजादों से जुड़े प्रसंग भी सुनाए।

**श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन**

## लक्ष्मी-नारायण और माता उमिया की झांकी, निकाली शोभायात्रा

**रायपुर।** माता लक्ष्मी और श्री नारायण के वेशभूषा में रथ पर सजाई गई झांकी के बीच आराध्य देवी माता उमिया की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। इसमें शामिल होने के लिए समाज के हजारों लोग सुबह 6 बजे से ही फाफाडीह स्थित आयोजन स्थल पर पहुंचने लगे थे। वहीं श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज रायपुर के अध्यक्ष भरत भाई पटेल और महामंत्री हरेश भाई पटेल की अगवाई में भव्य शोभायात्रा सुबह साढ़े 8 बजे निकाली गई। इसमें महिलाओं और पुरुषों ने पारंपरिक परिधान में हिस्सा लिया। युवाओं ने इसमें उत्साह के साथ शामिल होने के साथ ही स्थापना दिवस को उत्सव का रूप देने में सहयोग किया।



### कोई भी चीज आसानी से नहीं मिलती

*सामाजिक सत्र में समाज के वरिष्ठ गोपाल भाई पटेल, गंगाराम भाई पटेल, हंसराज भाई और पंकज भाई के साथ ही रमिला बेन पटेल का स्वागत किया गया। साथ ही बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया। शाम के सत्र में राजकोट से आई दिपाली ने पौराणिक कथाओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी चीज आसानी से नहीं मिलती। इसके लिए इंसान ही नहीं, भगवान को भी संसार में प्रयास करना पड़ा। उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को भी दिनभर आयोजन की श्रृंखला सजाई जाएगी।*



### भजन-कीर्तन करते निकले

पूजा-अर्चना करने के बाद फाफाडीह स्थित पाटीदार भवन से निकाली गई शोभायात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ रही थी, वैसे-वैसे महिलाओं और पुरुषों का समूह भजन-कीर्तन के साथ जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहा था। टिंबर मार्केट, मंडी गेट से होते हुए शोभायात्रा में शामिल समाज के लोग देवेंद्र नगर स्थित सरदार पटेल ग्राउंड पहुंचे। आयोजन स्थल पर शोभायात्रा का विधि-विधान से समापन किया गया। साथ ही पहले सत्र में समाज के लोगों ने तीन दिवसीय स्थापना दिवस की पूजा-अर्चना करते हुए शुभारंभ किया। द्वितीय सत्र समाज को समर्पित रहा। इस सत्र में राजकोट से आए शैलेश भाई सगपरीय ने बेहतर समाज का निर्माण करने के लिए चार बिंदुओं पर वक्तव्य देते हुए कहा कि समाज तभी श्रेष्ठ होगा, जब धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य के लिहाज से लोग बेहतर होंगे। इसके लिए पारिवारिक जीवनशैली को बेहतर करना होगा।



## कीर्तन के साथ निकाली प्रभातफेरी साहिबजादों की शहादत को किया याद

**रायपुर।** शहर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारे से सुबह भक्तिमय माहौल में प्रभात फेरी निकाली गई। गुरु गोविंद सिंहजी के छोटे पुत्रों बाबा जोरावर सिंहजी व बाबा फतेह सिंहजी की शहादत को समर्पित प्रभात फेरी में शिरकत करने के लिए सिख पंथ के लोग बड़ी तादाद में पहुंचे। इसमें गुरुवाणी करते हुए रागी जत्था भी साथ चल रहा था। इनके साथ लोग भी कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। प्रभात फेरी स्टेशन चौक, श्री गुरु गोविंद सिंह चौक, नहरपारा, संजय गांधी चौक, श्री गुरुनानक चौक, राठौर चौक और तेलघानी नाका से होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। गुरमीत सिंह गुरुदत्ता ने बताया कि इसके बाद साहिबजादों के बारे में बताया गया।


### धर्म और देश के लिए दिया बलिदान

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि साहिबजादों ने केवल 9 व 7 साल की उम्र में धर्म परिवर्तन के लिए इंकार किया। आखिरकार गुरु गोविंद सिंह के दोनों छोटे पुत्रों को कई चुनौतियों का सामना करते हुए बलिदान दे दिया। बच्चों की शहादत को सुनते ही गुरु गोविंद सिंह की माता गुजरीजी ने भी प्राणों की आहुति दे दी। गुरु गोविंद सिंह ने धर्म और देश के लिए माता-पिता, चारों पुत्रों का भी बलिदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रभात फेरी के दौरान इंदरजीत सिंह छाबड़ा, कल्याण सिंह पसरीजा और तेजिंदर सिंह होरा प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**मंदिर प्रांगण में दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

## नव वर्ष पर इस्कॉन मंदिर में डेढ़ लाख के पोशाक से श्रृंगार, कांजीवरम साड़ी धारण करेगी मां महामाया

**कार्नर न्यूज**



**रायपुर।** हिंदू नववर्ष की तरह अंग्रेजी कैलेंडर के नववर्ष का स्वागत धूमधाम से किया जा रहा है। इसमें शहर स्थित मंदिरों में विशेष रूप से साज-सज्जा की जा रही है। स्वागत के लिए मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया जाएगा, वहीं भजनों के साथ नववर्ष के प्रारंभ की खुशी मनाई जाएगी। इन दिनों मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बड़ी संख्या में देखने को मिलेगी, जो अपने नए साल की शुरुआत भगवान के दर्शन से करना पसंद करेगी। शहर स्थित अनेक प्राचीन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से देर रात तक बनी रहेगी, जिसके लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा तैयारी निरंतर जारी है।



### नववर्ष पर डेढ़ लाख की पोशाक

टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में नववर्ष का आगमन धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान के लिए वृंदावन से डेढ़ लाख से अधिक कीमत की पोशाक लाई गई है, जिसे श्वेत रंग में तैयार किया गया है। इस दिन विशेष रूप से आभूषण और फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में 31 दिसंबर को विशेष साज-सज्जा कर नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। जहां प्रतिमाओं के साथ मंदिर को भी फूलों से सजाया जाएगा। नववर्ष की पूर्व संध्या में 7.30 से 8.30 बजे सिद्धार्थ स्वामी महाराज द्वारा श्रीकृष्ण कथा का वाचन किया जाएगा। इसके बाद रात 8.30 से 9.30 बजे वेदव्यास द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है, इस दौरान पांच सौ से अधिक लोग मंदिर परिसर में उपस्थित होंगे। रात्रि 12 बजे केक कटिंग कर नववर्ष की बधाई दी जाएगी। इस दौरान आतिशबाजी और फूलों की बारिश की जाएगी।

### नववर्ष पर भव्य साज-सज्जा

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में भी भजन-कीर्तन एवं विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। नववर्ष के अवसर पर मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। ट्रस्ट परिवार द्वारा गुजरात की बनारसी और कांजीवरम साड़ी तथा आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान 31 दिसंबर को सुबह से भोग प्रसादी और दोपहर 2 बजे से दर्शन के लिए श्रद्धालु शामिल होंगे। जहां संध्या आरती के बाद भजन कीर्तन का विशेष आयोजन किया जा रहा है।

### फूल और चंदन से श्रृंगार

सरोना स्थित शिव मंदिर के अनुराग गोस्वामी ने बताया, नए साल पर श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में रहती है। जहां भगवान के दर्शन एवं पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार सुबह से देर रात तक रहती है। नववर्ष पर शिवलिंग एवं प्रतिमाओं का फूल और चंदन से श्रृंगार किया जाता है। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसादी की व्यवस्था भी की जाएगी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वैश्विक बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में शीर्ष पर पहुंची डिज्नी



घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ डॉलर की कमाई करने वाला डिज्नी अब एक और नया रिकॉर्ड बना चुका है। ताजा अनुमानित रिपोर्ट्स के अनुसार वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। कुल मिलाकर, डिज़नी की विश्वव्यापी कमाई अब 506 करोड़ डॉलर तक पहुंच गई है। इसमें 205.4 करोड़ डॉलर उत्तरी अमेरिका और 300.6 करोड़ डॉलर अंतर्राष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस से आए हैं। डिज्नी का दावा है कि 2024 में यह मील का पत्थर पार करने वाला यह एकमात्र स्टूडियो है। यह पहली बार है जब किसी भी स्टूडियो ने 2019 के बाद से वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार किया है। अगर आंकड़ों पर ध्यान दिया जाए तो यह छठी बार है जब डिज्नी ने 2010 के बाद वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर की कमाई की है।

इस साल डिज्नी के लिए सबसे बड़ी फिल्म पिक्सर की 'इनसाइड आउट 2' रही, जो अब तक 169.9 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह फिल्म न केवल इस साल की सबसे बड़ी फिल्म बनी है, बल्कि यह दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म भी बन गई है। इसके बाद 'मार्वल' की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' है, जिसने 138.8 करोड़ डॉलर की कमाई की है। यह अब तक की सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली आर-रेटेड फिल्म साबित हुई है। इसके अलावा हाल ही में रिलीज हुई 'मोआना 2' ने रविवार तक अनुमानित 71.9 करोड़ डॉलर की कमाई की है।

### टॉलीवुड

## एक्शन करने वाले अजित जबर्दस्त डांस करते आए नजर, सोशल मीडिया पर छाया वीडियो



अजित कुमार की गिनती तमिल फिल्मों के सबसे बड़े सितारों में होती है। हाल ही में वह एक शादी समारोह में शामिल हुए थे, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेता अपनी एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने अपने डांस से तहलका मचा दिया है।

वायरल वीडियो में अजित कुमार को 'ओ अंटावा' गाने पर जबर्दस्त डांस करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में अजित शादी के आयोजन में शिरकत करते हुए दिल खोलकर नाचते दिख रहे हैं। उन्होंने शादी के इस मौके पर ब्लैक टक्सीडो पहना था। इस वीडियो में अजित ने 'पुष्पा' के गाने पर समंथा और अल्लू अर्जुन की ऊर्जा को अपनाया और उसमें अपना खास स्टाइल ऐड किया। अजित के साथ शादी में शामिल अन्य मेहमान भी उनके साथ डांस करते हुए दिखे। इस वीडियो ने अजित, अल्लू अर्जुन, समंथा और 'पुष्पा' फ्रेंचाइजी के फैंस को खुश कर दिया है।

'पुष्पा' की बात करें तो इस फ्रेंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचा है। पहली फिल्म 'पुष्पाः द राइज' ने तेलुगू और हिंदी दोनों भाषाओं में जबर्दस्त सफलता हासिल की थी। इसका सीक्वल 'पुष्पा 2ः द रूल' बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। इस महीने की शुरुआत में रिलीज हुई इस फिल्म ने खासतौर पर हिंदी भाषा में शानदार कारोबार किया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने क्रिसमस के दिन 'बेबी जॉन' से ज्यादा कमाई की। फिल्म के हिंदी संस्करण ने 15 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं, अन्य संस्करणों को मिलाकर फिल्म ने कुल 19.75 करोड़ का कारोबार किया। इस फिल्म का भारत में अब तक का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1109.85 करोड़ रुपये हो गया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो अजित अपनी आगामी फिल्मों में व्यस्त हैं।

### छालीवुड

## झारखंड-छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक रिश्तों को जोड़ेगी फिल्म 'लॉकडाउन के मया'




जमशेदपुर के चिकित्सा पेशे से जुड़े देवांगन परिवार का रिश्ता छत्तीसगढ़ की संस्कृति से भी है, वह यहीं के है लेकिन किन्हीं कारणों से झारखंड में रह रहे हैं। इस परिवार के डॉक्टर जे.के, देवांगन की मुलाकात जमशेदपुर के कार्यक्रम में अभिनेता करन खान से हुई तो वह उनसे इतना प्रभावित हुए की छत्तीसगढ़ी फिल्म बनाने का निर्णय लिया। लेकिन ऐसी कहानी की तलाश थी जो बिल्कुल अलग हो। इसी बीच कोरोना आ गया और सब घरों में कैद होने लगे इस विकट समय का उपयोग किया निर्देशक मोहम्मद हबीब ने, उन्होंने कोरोना में लगे लॉकडाउन पर एक स्क्रिप्ट तैयार की जो देवांगन परिवार को पसंद आई और उस पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया गया। इस फिल्म से स्नेहा देवांगन डेब्यू कर रही हैं, स्नेहा जे.के. देवांगन की बिटिया है, स्नेहा की मम्मी प्रतिमा देवांगन भी पूरे समय स्नेहा के साथ रही। फिल्म में मुख्य अभिनेता के रूप में शिवा साहू नजर आएंगे। इनके अलावा इस फिल्म में नितिन ग्वाला,क्रांति दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह, नवीन देशमुख, संजू साहू, लता राही, कविता भारद्वाज समेत ढेरों कलाकारों ने अभिनय किया है। पूर्णतः पारिवारिक ड्रामा लिए यह फिल्म 15 मार्च को दर्शकों के बीच होगी। इस फिल्म की शूटिंग छत्तीसगढ़ के अलावा कोलकाता और जमशेदपुर में भी की गई है।

### सीजन-25 की तैयारी

दिसंबर महीने के जाते-जाते नए साल के लिए फैशन शो की तैयारियां ग्लोबल स्तर पर चरम पर पहुंच जाती है। न्यूयार्क फैशन वीक 2025 की तैयारी में रनवे पर मॉडल नजर आ रही हैं। हल्के कपड़ों और नरम पेस्टल टोन के साथ फैशन का प्रदर्शन करते हुए मॉडल को रिहर्सल के दौरान खूब तालियां मिली लेकिन असली परीक्षा जनवरी 2025 में होने वाले फैशन शो में होगी।




## सिर से बर्फ की तरह गिर रहा है डैंड्रफ तो राहत मिलेगी ऐसे



दिसंबर के महीने में मौसम की शुरुआत से ही त्वचा में कई बदलाव दिखने लगते हैं। जिस तरह से त्वचा को सर्दियों में अतिरिक्त देखभाल की जरूरत पड़ती है, ठीक उसी तरह से सिर के स्कैल्प का भी सर्दियों में खास ध्यान रखना पड़ता है। अगर आप सही से सिर का ध्यान नहीं रखेंगे तो स्कैल्प में डैंड्रफ जमने लगता है।कई बार ऐसा होता है कि इसकी वजह से शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है।

इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप स्कैल्प पर जमी रूसी से छुटकारा पा सकते हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नीम के तेल में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को कम करने में मदद कर सकते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल अपने सिर से डैंड्रफ को दूर भगाने के लिए कर सकते हैं।

प्याज के रस को स्कैल्प पर लगाने से भी डैंड्रफ कम हो सकता है। आप आसानी से घर पर बिना केमिकल वाला प्याज का रस निकाल सकते हैं। इसे बस आपको रुई की मदद से अपने सिर में लगाना है। मेथी को रातभर भिगोकर सुबह उसे पीस लें। अब इसे दही में मिलाकर अपने बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपको जरूर राहत मिलेगी। 10 नीम के पत्तों का पेस्ट लें और उसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिला लें। अब इसका इस्तेमाल आप अपने सिर पर जमे डैंड्रफ हटाने में कर सकते हैं। एक कटोरी में गुनगुना नारियल का तेल लेकर उसमें नींबू का रस मिलाएं। अब इसे अपने स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं। इसकी मदद से आपके सिर का डैंड्रफ कम हो सकता है।

## रॉयल लुक के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इन रंगों के कपड़े




जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।



अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो जानिए कि किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।

**पेस्टल रंगः** इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

**रॉयल ब्लूः** ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

**एमरॉल्ड ग्रीनः** हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

**पर्पलः** वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।

**मैटेलिक रंगः** अगर आपको कुछ हटकर पहनना पसंद है तो आप गोल्ड, कॉपर, सिल्वर रंग के जैसे मैटेलिक रंग के आउटफिट तैयार करवा सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

**ब्लैक रंगः** अगर बात करें काले रंग की तो ये रंग तो एवरग्रीन है। आप इसे ऑफिस से लेकर क्लब तक में पहनकर धमाल मचा सकती हैं। शादी के दिन भी ये रंग काफी रॉयल लुक देता है।

**व्हाइट रंगः** चाहे कितने भी रंग-बिरंगे कपड़े पहन लो, लेकिन अगर बात सफेद रंग की आती है, तो इसका लुक अलग ही देखने को मिलता है। ऐसे में आप इस रंग का कम से कम एक आउटफिट अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

## गर्म ऊनी कपड़ों की ऐसे करें केयर सालों तक बिल्कुल नहीं होंगे खराब



सर्दी के सीजन में गर्म कपड़ों को सही तरीके से पहनने के साथ उनकी केयर भी करनी होती है। तब जाकर ऊनी कपड़ों के रेशे, कलर फेड और लूज होने से बचा सकते हैं। इसलिए ऊनी कपड़ों का ख्याल रखना जान लेना चाहिए। ऊनी या सर्दी के कपड़े (स्वेटर, जैकेट, ब्लेजर आदि) काफी महंगे होते हैं। इनको हर साल खरीद नहीं सकते हैं। इसलिए आपको विंटर ड्रेस केयर टिप्स जान लेना जरूरी है ताकि हम पैसों के साथ कपड़ों को भी बचा सकें।

### विंटर ड्रेस न करें शेयर

सर्दी के कपड़े ही नहीं कोई भी ड्रेस शेयर नहीं करनी चाहिए। खासकर ऊनी कपड़ों को न दें क्योंकि इस कारण ड्रेस लूज हो सकती है। इसके कई कारण हैं। जैसे- यदि उस व्यक्ति को कपड़े को खींचकर पहनने की आदत हो या उसका बॉडी साइज बड़ा हो तो इस कारण कपड़ा लूज हो सकता है। इसलिए अपनी ड्रेस किसी और को पहनने न दें।

### पहनकर न सोएं गर्म कपड़े

सर्दी के मौसम में आलस्य बढ़ जाता है। एक बार गर्म कपड़ों को पहनने के बाद उतारने का मन नहीं करता है। इसी वजह से कई लोग स्वेटर, जैकेट को पहनकर सो जाते हैं। ऊनी कपड़ों पर रेशे के आने का यह मुख्य कारण है। अगर आप अपने ऊनी कपड़ों को सही रखना चाहते हैं तो कभी भी पहनकर न सोएं।

कपड़े को सोने से पहले उतार दें और उसे हैंगर में टांग दें। अगर उसको तकिये के पास या ऐसे ही कहीं फेंक देंगे तो उसकी वजह से भी कपड़े खराब होंगे। इसलिए ऊनी कपड़ों को उतारकर रख दें और तब सोने जाएं।

कई लोगों को कपड़ों को बार-बार धोने की आदत होती है। जबकि ऊनी कपड़ों को बार-बार धोने की जरूरत नहीं है।

## वेडिंग फंक्शन के लिए बेस्ट रहेंगे ये सिंपल आई मेकअप, जानें इन्हें करने का तरीका

मेकअप करना हम सभी को बेहद पसंद होता है। वहीं रोजाना से लेकर हम किसी भी फंक्शन तक में जाने के लिए कई तरीके के लुक्स को री-क्रिएट करते हैं। आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स रोजाना मार्केट में कुछ न कुछ नया लेकर आते ही रहते हैं, लेकिन मेकअप करने की कुछ तकनीक आज भी वही है। वेडिंग फंक्शन में जाने के लिए खासकर मेकअप समय के हिसाब से किया जाता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुछ आई मेकअप जिन्हें आप आसानी से किसी भी शादी व फंक्शन में ट्राई कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं।



### न्यूट्रल मेकअप लुक

अगर आप सटल कलर कॉम्बिनेशन के मेकअप लुक्स को कैरी करना पसंद करती हैं तो इस तरह के लाइट ब्राउन मेकअप लुक को चुन सकती हैं। इस तरीके का मेकअप लुक आप दिन या रात की शादी के लिए चुन सकती हैं। देखने में इस तरीके का मेकअप काफी सोबर लुक देने में मदद करता है। वहीं बेस के लिए आप ड्युई मेकअप लुक को चुनें। ऐसा करने से आपके चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा।

### स्मोकी आई मेकअप

देखने में यह काफी बोल्ड लुक नजर आता है। वहीं इस तरह के आई मेकअप को क्रिएट करने के लिए आप ब्लैक कलर के आई शैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही लिप्स के लिए आप बिल्कुल न्यूड कलर को चुन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### अलग-अलग डिजाइन में लेटेस्ट फैशन अपनाना समझदारी भरा कदम

## रिसेप्शन पार्टी में वियर करें साड़ी लोगों की नजरें नहीं हटेंगी आप से

*रिसेप्शन पार्टी में सबसे अलग दिखने के लिए साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। आजकल इंडो वेस्टर्न का फैशन काफी ट्रेंड में है इसे हर कोई स्टाइल करना पसंद करता है। लेकिन साड़ी भी आजकल लड़कियों को पहनना काफी पसंद होती हैं। इसमें अलग-अलग डिजाइंस मिल जाते हैं, जिन्हें आप अपने हिसाब से वियर कर सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए भी आपको साड़ी में अलग-अलग डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करके आप सबसे सुंदर लगेंगी। चलिए देखते हैं लेटेस्ट डिजाइन।*



### रेड नेट फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी

अगर आपको एम्ब्रॉयडरी वर्क साड़ी स्टाइल करना पसंद बै तो इसके लिए आप इस रेड साड़ी लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी। इसमें वन वर्क मिलता है, साथ ही दिखने में हैवी लगती है लेकिन पहनने के बाद स्टाइलिश लगती है। आजकल इसका काफी ट्रेंड चल रहा है। इसके साथ आप कट स्लीव्स ब्लाउज वियर करें। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में खरीदी जा सकती है। इस साड़ी के साथ आप ग्लॉसी मेकअप लुक और ओपन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।



### सीक्वेंस वर्क साड़ी

साड़ी में आजकल सीक्वेंस वर्क भी काफी ट्रेंड में है ये भी काफी क्लासी और अच्छा लगता है। आजकल के ट्रेंड के हिसाब से इसमें (साड़ी लुक) आप लैवेंडर कलर ले सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी के लिए ये काफी अच्छा साड़ी का ऑप्शन है। मार्केट में इस डिजाइन और कलर के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप 1000 से 2000 में खरीद सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क ज्वेलरी और बोल्ड आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।

### फ्लेयर साड़ी

अगर आपको इंडियन के साथ-साथ वेस्टर्न लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप फ्लेयर साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। ये काफी (शिल्पा शेट्टी साड़ी लुक) क्लासी लगती हैं साथ ही लुक को परफेक्ट बनाती हैं।

